मेरठ से प्रकाशित व बुलंदशहर, बागपत मुजफफरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, गाजियाबाद, हापुड, उत्तराखण्ड, हरियाणा में एक साथ प्रसारित

दैनिक

# सर्वहित भारत

TITLE CODE: UPHIN47404

सत्य की खोज

सम्पर्क सूत्र–9837558066

वर्ष –01, अंक –238 | मेरठ, शनिवार 18 मार्च 2023 | पृष्ठ 08, मूल्य 5/रुपये




## केंद्र सरकार ने किसानों को दी बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में उर्वरकों पर सब्सिडी कम करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत खुबा ने लोकसभा में अपने लिखित उत्तर में कहा, किसानों पर उर्वरक सब्सिडी कम करने के प्रभाव को समझने के लिए अभी तक ऐसा कोई अध्ययन नहीं किया गया है। एक अलग जवाब में, मंत्री ने कहा कि वर्तमान में सरकार के पास पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत पीएण्डके उर्वरकों की दरों को नियंत्रित करने की कोई योजना नहीं है।

सरकार किसानों को सस्ती दरों पर मिट्टी के पोषक तत्व सुनिश्चित करने के लिए यूरिया और गैर-यूरिया उर्वरक दोनों पर सब्सिडी प्रदान करती है। यूरिया उर्वरक के संबंध में, मंत्री ने कहा कि किसानों को वैधानिक रूप से अधिसूचित अधिकतम खुदरा मूल्य 242 रुपये प्रति बैग 45 किलोग्राम (नीम कोटिंग और लागू होने वाले करों को छोड़कर) पर यूरिया प्रदान किया जाता है। फार्म गेट पर यूरिया की सुपुर्दगी लागत और यूरिया इकाइयों द्वारा शुद्ध बाजार वसूली के बीच अंतर केंद्र सरकार द्वारा यूरिया निमार्ताओं/आयातकों को सब्सिडी के रूप में दिया जाता है। उन्होंने कहा, सभी किसानों को रियायती दरों पर यूरिया की आपूर्ति की जा रही है।

फॉस्फेट (पी) और पोटाशिक (के) उर्वरकों के मामले में, एक अंतर-मंत्रालयी समिति द्वारा पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) के तहत तैयार उर्वरकों के साथ-साथ कच्चे माल की बेंचमार्क अंतरराष्ट्रीय कीमतों को ध्यान में रखते हुए सब्सिडी तय की जाती है।

# उद्धव गुट को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका!

## SC ने कहा- जिसने विश्वास मत का सामना नहीं किया उसे कैसे कर सकते बहाल



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आश्चर्य जताया कि वह महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे सरकार को कैसे बहाल कर सकता है, जब मुख्यमंत्री ने फ्लोर टेस्ट का सामना करने से पहले ही अपना इस्तीफा दे दिया था। ठाकरे गुट ने अदालत से समय को वापस करने और यथास्थिति को बहाल करने का आग्रह करते हुए अदालत के सामने प्रस्तुतियां दीं।

### 'विश्वास मत के आधार पर सत्ता से हुए बेदखल'

सिंघवी ने कहा कि उद्धव ठाकरे द्वारा उठाए गए मुद्दे की जड़ यह है कि विश्वास मत रखने का निर्देश एक अवैध कार्य था क्योंकि राज्यपाल ने 34 विधायकों के एक गुट को मान्यता देकर ऐसा किया था। उन्होंने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री की भागीदारी या अनुपस्थिति किसी भी तरह से मौलिक और बुनियादी अवैधता को कम नहीं करेगी। सीजेआई ने सिंघवी से कहा, नहीं, लेकिन यथास्थिति एक तार्किक बात होगी, बशर्ते कि आप सदन के पटल पर विश्वास मत हार गए हों क्योंकि, तब स्पष्ट रूप से आपको विश्वास मत के आधार पर सत्ता से बेदखल कर दिया गया है। सिब्बल ने कहा, मुझे पूरा यकीन है कि इस अदालत का हस्तक्षेप नहीं होने से हमारा लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा क्योंकि किसी भी चुनी हुई सरकार को नहीं रहने दिया जाएगा। इसी उम्मीद के साथ मैं इस अदालत से अनुरोध करता हूं कि इस याचिका को स्वीकार करते हुए (बहुमत परीक्षण) के राज्यपाल के आदेश को दरकिनार कर दिया जाए। दरअसल, 29 जून 2022 को महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट चरम पर पहुंच गया था जब शीर्ष अदालत ने ठाकरे के नेतृत्व वाली 31 महीने पुरानी गठबंधन सरकार को बहुमत परीक्षण कराने के राज्यपाल के निर्देश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। ठाकरे ने हार को भांपते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भाजपा सरकार बनी थी।

इसमें कहा गया था कि जैसे 2016 में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में नबाम तुकी को फिर से स्थापित किया था, वैसे ही इस बार भी किया जाए। ठाकरे गुट का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ से राज्यपाल बी एस कोश्यारी के फ्लोर टेस्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है।

पीठ ने उद्धव ठाकरे की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी की दलीलों पर भी ध्यान दिया और कहा, ंतो, आपके अनुसार, हम क्या करते हैं? आपको बहाल करते हैं? लेकिन आपने इस्तीफा दे दिया। ऐसा लग रहा है जैसे अदालत से उस सरकार को बहाल करने के लिए कहा जा रहा है, जिसने फ्लोर टेस्ट से पहले ही इस्तीफा दे दिया है।

पीठ, जिसमें जस्टिस एमआर शाह, कृष्ण मुरारी, हेमा कोहली और पीएस नरसिम्हा भी शामिल हैं, ने ठाकरे और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट द्वारा दायर क्रॉस याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा। साथ ही, ठाकरे गुट के अधिवक्ता सिंघवी से पूछा, अदालत मुख्यमंत्री को कैसे बहाल कर सकती है, जिन्होंने फ्लोर टेस्ट का सामना भी नहीं किया। शीर्ष अदालत ने नौ कार्य दिवसों में दोनों पक्षों और राज्यपाल की दलीलें सुनीं, जिनका प्रतिनिधित्व सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने किया था।

दिन भर चली सुनवाई के दौरान सिंघवी ने पहले की घटनाओं का जिक्र किया जब ठाकरे सरकार के इस्तीफा दिया था और कहा था, मेरा इस्तीफा अप्रासंगिक है।

## भारत में फिर बढ़ रहे कोरोना के मामले

# 109 दिनों के बाद एक्टिव केस 5 हजार के पार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में शुक्रवार को एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़कर 796 हो गए, जबकि सक्रिय मामलों की संख्या 109 दिनों के बाद 5,000 से अधिक हो गई।

COVID-19 मामलों की कुल संख्या अब 4.46 करोड़ (4,46,93,506) है। सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों में कहा गया है कि पांच लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,795 हो गई। कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश,



पुदुचेरी और उत्तर प्रदेश और केरल में एक-एक मरीज की मौत हुई है।

सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 5,026 हो गई है, जो कुल संक्रमणों का 0.01 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रीय उडश्क्क्ष्- 19 रिकवरी दर 98.80 प्रतिशत है। बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,41,57,685 हो गई है। मामले की मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोविड-19 टीके की 220.64 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए केंद्र सरकार ने छह राज्यों को पत्र लिखा है।

पत्र में इन राज्यों से कोविड-19 की रोकथाम और इसके प्रसार को रोकने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया है। जिन राज्यों को पत्र लिखा गया है, उसमें महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक शामिल हैं।

## शराब नीति मामले में सिसोदिया की मुश्किलें बरकरार, ED की कस्टडी में 5 दिन और रहेंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शराब नीति मामले को लेकर सीबीआई के बाद ईडी ने सिसोदिया की कस्टडी बढ़ाने की मांग की थी, जिसे लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की रिमांड बढ़ाने का फैसला किया है। सिसोदिया को 5 दिन और ईडी की कस्टडी में रहना होगा। बता दें कि सिसोदिया पिछले 7 दिन से ईडी के ही रिमांड पर थे। ईडी ने सिसोदिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए अदालत से 7 दिन की रिमांड बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को अपने परिवार के खर्च के लिए चेक पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी। कोर्ट ने सिसोदिया के परिवार के लिए 40 हजार रुपये और उनकी पत्नी के मेडिकल के लिए 45 हजार रुपये के चेक पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की ओर से पेश हुए वकील ने अपनी दलीलें देते हुए सिसोदिया पर गंभीर आरोप लगाए। ईडी ने कहा कि सिसोदिया ने अपना फोन नष्ट कर दिया था। ईडी ने कोर्ट से सिसोदिया की 7 दिन की रिमांड बढ़ाने की मांग की थी। ईडी ने कहा कि सिसोदिया ने अपना फोन नष्ट कर दिया था, इसलिए उनसे फिर से पूछताछ करने की जरूरत है। बता दें कि ईडी से पहले सिसोदिया को सीबीआई ने भी रिमांड पर लिया था। इसके बाद सिसोदिया को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। सिसोदिया ने अपनी रिहाई के लिए कोर्ट के दरवाजे भी खटखटाए थे, जहां से राहत नहीं मिलने पर उन्होंने दिल्ली सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। सिसोदिया के साथ-साथ सत्येंद्र जैन ने भी इस्तीफा दिया था।

## गर्मियों के दौरान कुल 22,907 साप्ताहिक उड़ानें होंगी संचालित, 11 एयरलाइंस भरेंगी घरेलू उड़ान



**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 26 मार्च से शुरू होने वाले समर शेड्यूल की घोषणा कर दी है। डीजीसीए द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, भारतीय वाहक देश में कुल 22,907 साप्ताहिक घरेलू उड़ानें संचालित करेंगे। डीजीसीए के मुताबिक, ठंड के दौरान संचालित होने वाली 21,941 साप्ताहिक उड़ानों की तुलना में गर्मियों में संचालित होने वाली उड़ानों की संख्या 4.4 प्रतिशत अधिक है। समर शेड्यूल 26 मार्च से लेकर 28 अक्टूबर तक लागू रहेगा।

डीजीसीए के मुताबिक, समर शेड्यूल के दौरान कुल 11 एयरलाइंस घरेलू सेवाएं संचालित करेंगी। इस दौरान इंडिगो सबसे अधिक 11,465 साप्ताहिक उड़ानें भरेगी। मालूम हो कि पिछले साल समय शेड्यूल के दौरान सभी एयरलाइन की उड़ानों की संख्या कुल 10,085 थी। समर शेड्यूल के दौरान इस कंपनियों में एलायंस एयर, एयर एशिया, स्पाइसजेट और विस्तारा 2022 के विंटर शेड्यूल की तुलना में कम उड़नें संचालित करेंगी। स्पाइसजेट समर शेड्यूल के दौरान सिर्फ 2,240 साप्ताहिक उड़ाने संचालित करेगी, जो विंटर शेड्यूल की तुलना में करीब 30 प्रतिशत तक कम है। विंटर शेड्यूल के दौरान कंपनी ने कुल 3,193 साप्ताहिक उड़ाने संचालित की थी।

# पुलिस से पकड़वा कर लोगों को वोटिंग के लिए भेजें क्या?

## HC ने अनिवार्य वोटिंग वाली याचिका को किया खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने संसद और विधानसभा चुनावों में मतदान अनिवार्य करने के लिए केंद्र और चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

कोर्ट ने कहा कि वह किसी व्यक्ति को मतदान के लिए बाध्य नहीं कर सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि हम लॉ मेकर्स नहीं हैं।

हम इस तरह के निर्देश पारित नहीं कर सकते। क्या संविधान में कोई प्रावधान है जो मतदान को अनिवार्य बनाता है?

हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय को चेतावनी भी दी कि वह याचिका को जुमार्ने के साथ खारिज कर देंगे। जिसके बाद उन्होंने इसे वापस ले लिया।

गौरतलब है कि उपाध्याय ने जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि संसद और विधानसभा चुनावों में अनिवार्य मतदान यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक नागरिक की आवाज हो, लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा और मतदान का अधिकार सुरक्षित होगा।

कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया है कि मतदान का कम प्रतिशत एक कान्सटेंट प्रॉब्लम है। लेकिन अनिवार्य मतदान करने से वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

खासकर वंचित समुदायों के बीच इसका लाभ मिल सकता है। सुनवाई के दौरान, याचिकर्ता उपाध्याय ने ड्राइवरों का उदाहरण देते हुए कहा कि उनमें से कई लोग वोट डालने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि उन्हें दूसरे शहरों में काम करना पड़ता है।

दिल्ली हाई कोर्ट की पीठ ने याचिकाकर्ता के उदाहरण का जवाब देते हुए कहा कि यह उनका अधिकार और उनकी पसंद है। पीठ ने कहा कि हम चेन्नई में मौजूद किसी व्यक्ति को श्रीनगर में अपने गृहनगर वापस आने और वहां मतदान करने के लिए मजबूर नहीं कर सकते।

आप चाहते हैं कि हम पुलिस को उसे पकड़ने और श्रीनगर भेजने का निर्देश दें। कोर्ट मे चुनाव आयोग को याचिका को प्रतिनिधित्व के रूप में मानने का निर्देश देने से भी इनकार कर दिया।

याचिका में यह भी कहा गया कि जब मतदाता मतदान अधिक होता है, तो सरकार लोगों के प्रति अधिक जवाबदेह होती है और उनके सर्वोत्तम हित में कार्य करने की अधिक संभावना होती है।

उन्होंने कहा कि अनिवार्य मतदान को नागरिक कर्तव्य बनाकर राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सकता है।

जब मतदान अनिवार्य होता है, तो लोगों की राजनीति में रुचि लेने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने की संभावना अधिक होती है।

## उत्तर भारत में बदला मौसम का मिजाज, बिहार-उत्तराखंड में ओलावृष्टि; यूपी में बारिश शुरू

**नई दिल्लीः** उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मौसम में आंशिक बदलाव नजर आया। पंजाब के गुरदासपुर और पठानकोट में बुधवार रात बारिश के साथ ओले पड़ने के कारण खेतों में गेहूं की फसल बिछ गई तो राजस्थान व उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बरसात हुई। बिहार के मुजफ्फरपुर में भी बारिश के साथ ओले पड़े हैं।

**अगले पांच दिन तक दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और यूपी में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और वर्षा होने का पूवार्नुमान**

यूपी की राजधानी लखनऊ समेत कई शहरों में बारिश हो रही है, जिससे पांच से सात डिग्री तक तापमान गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और यूपी में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और वर्षा होने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। 20 और 21 तारीख को तेज जबकि बाकी दिन हल्की वर्षा हो सकती है।



स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने बताया कि मौसम में इस बदलाव के लिए तीन कारक जिम्मेदार हैं। पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है तो राजस्थान से एक अक्षीय रेखा महाराष्ट्र की ओर बढ़ रही है। इसके अलावा निचले स्तर पर चल रही नमी भरी हवाओं और मध्यम स्तर पर बह रही शुष्क पश्चिमी हवाओं का टकराव भी मौसम में आए इस बदलाव की एक बड़ी वजह है।

महेश पलावत ने बताया कि इन पांच दिनों के दौरान गर्मी से थोड़ी राहत रहेगी, तापमान में कुछ गिरावट आएगी, लेकिन 22 मार्च से तापमान और गर्मी में फिर से बढ़ोतरी होने लगेगी। लुधियाना स्थित पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग प्रमुख डा. पीके किंगरा ने बताया कि खराब मौसम की संभावना को देखते हुए किसानों को गेहूं की फसल की सिंचाई नहीं करने की हिदायत जारी की गई है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण हल्की से मध्यम बारिश के साथ आंधी की दौर भी चलेगा। ओले भी गिर सकते हैं।

# मदरसा जामिया फतहुल उलूम रेती मरकज के सालाना जलसा वृहस्पतिवार को सादगी से मनाया गया

**सर्वहित भारत**

मदरसा जामिया फतहुल उलूम रेती मरकज के सालाना जलसा वृहस्पतिवार को सादगी से मनाया गया इस अवसर पर दारुल उलूम देवबंद के मुबल्लिक मौलाना यामीन कासमी ने कहा कि आज मुसलमानों की परेशानियों की वजह उनका दीन के बताए हुए रास्ते से भटक जाना है। दुनियाबी चकाचौंध में लोग कुरान व इस्लाम के बताए हुए रास्तों से दूर होता जा रहें है। मदरसों में दीनी तालीम के साथ दुनियाबी तालीम भी दी जाती है। जिसकी वजह से मदरसों के बच्चे दीन के मामलों के साथ दुनिया के तमाम मामलों में तरक्की करते जा रहे हैं। उन्होंने मौजूद लोगों से हर हाल में अपने बच्चों को पढ़ाने की अपील की।

उन्होने समाज की बुराइयों को दूर करने एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से कहा कि शिक्षा के बिना इंसान की जिंदगी अधूरी रहती है. मुफ्ती मोहम्मद आरिफ और इमाम मरकज मुफ्ती अब्दुल्लाह कासमी ने सभी लोगों को नेक सलाह देने की बात कही अपने किरदार को संवारने और सभी से नेकी के रास्ते पर चलने की बात की।इसमें दूर दराज से आए हजरात के साथ साथ देवबंद के मुफ्ती इस्तियाक अहमद ने भी शिरकत की। संचालक कमेटी ने बताया कि हर साल मदरसे में



जलसे का आयोजन किया जाता है जिसमे हाफिज ए कुरान ( कंठस्थ याद) करने वाले बच्चों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया जाता हैं इस अवसर पर मुख्य रूप से साजिद अहमद, जीशान अहमद इरशाद अंसारी, अहसान अहमद, मेहराज अहमद चौधरी मो अहमद, यामीन अंसारी, आबिद चीता शमशाद थानवी हाजी अकील चौधरी अरशद चौधरी अनीस सिद्दीकी मुफ्ती मोहम्मद अहमद जीशान चौधरी मतलूब चौधरी मुस्ताक चौधरी मुंतशिर चौधरी अकील अहमद जहीर अंसारी बिलाल अंसारी शाकिर चौधरी इमरान मलिक हाफिज फारूक मलिक उवेश राव आदि मौजूद रहे।



# राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा गुवाहाटी मिलट्री स्टेशन का निरीक्षण किया गया

**सर्वहित भारत**

असम के माननीय राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा गुवाहाटी मिलट्री स्टेशन का निरीक्षण किया गया। मेजर वीपी सिंह ने राज्यपाल को सेना द्वारा की गई तैयारियों तथा सिविलियन को आपातकालीन सहायता हेतु अवगत कराया। विजिट के दौरान ईस्टर्न आर्मी कमांडर व जीओसी भी मौजूद रहे राज्यपाल ने सेना की प्रशंसा करते हुए मेजर वीपी सिंह का विशेष आभार प्रकट किया।

# मुंबई शहर में 252 करोड़ रुपए में एक ट्रिपलेक्स फ्लैट बिका

**सर्वहित भारत**
**शाकिर खान**

देश की आर्थिक राजधानी मुबई में घर खरीदने का सपना हर आम और खास इंसान का होता है। शायद इसलिए यहां लोग ऊंचे से ऊंचे दाम पर फ्लैट खरीदते हैं। मुंबई शहर में एक से बढ़कर एक मंहगी डील के बारे में आपने सुना होगा। जहां कई करोड़ खर्च करके लोगों ने आलीशान फ्लैट अपने नाम करवाये हैं। ताजा मामला भी कुछ ऐसा ही है, जहां मुंबई शहर में 252 करोड़ रुपए में एक ट्रिपलेक्स फ्लैट बिका है। यह फ्लैट दक्षिण मुंबई के वालकेश्वर इलाके की एक निमार्णाधीन इमारत में है। यह फ्लैट 18 हजार स्क्वायर फुट एरिया का है। रियल इस्टेट के सूत्रों की माने तो यह डील




उद्योगपति नीरज बजाज और मैक्रोटेक डेवलपर्स ( छ्ङ्की ऋङ्क्ष४स्त्र) के बीच में हुई है। आज की तारीख में भारत मे हुई यह सबसे मंहगी डील है। पिछले महीने ही मुंबई के वर्ली इलाके में 30 हजार स्क्वायर फुट एरिया का पेंटहाउस उद्योगपति बी.के. गोयंका ने खरीदा था। गोयंका वेलस्पन ग्रुप के चेयरमैन हैं। उन्होंने यह पेंटहाउस 240 करोड़ रुपए में खरीदा था। तब इसे देश की सबसे बड़ी डील कही जा रही थी। हालांकि, एक महीने बाद ही उससे भी बड़ी डील मायानगरी मुंबई में बजाज और लोढ़ा ग्रुप ने मिलकर की है। पेंटहाउस की फरवरी में हुई डील एक तैयार बिल्डिंग के लिए हुई थी। जबकि मार्च महीने की मौजूदा डील एक अंडर कंस्ट्रक्शन इमारत के लिए हुई है। जिसका काम अभी हाल में शुरू हुआ है।

# चैत्र नवरात्र रामनवमी एवं रमजान माह व बाला जी जन्मोत्सव को लेकर थाना परिसर मे क्षेत्राधिकारी ने दोनो समुदाय की शान्ति समिति की बैठक

**सर्वहित भारत**

**थाना भवनः** चैत्र नवरात्र रामनवमी एवं रमजान माह व बाला जी जन्मोत्सव को लेकर थाना परिसर मे क्षेत्राधिकारी ने दोनो समुदाय की शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया जिसमे पुलिस ने सभी त्यौहार आपसी सौहार्द और मेलजोल के साथ मनाने की अपील के साथ नागरिको से सुझाव भी मागे तथा नगर पंचायत को भी नगर क्षेत्र मे ग्राम पचायतो को ग्रामिण क्षेत्र मे साफ सफाई के निर्देश दिये गये थाना परिसर मे क्षेत्राधिकारी श्रेष्ठा ठाकुर ने नगर व ग्रामिण क्षेत्र से शान्ति समिति की बैठक मे आये गणमान्य नागरिको को सम्बोधित करते हुये कहा दोनों समुदाय के त्यौहार एक साथ होने के कारण हम सभी की जिम्मेदारी है



त्योहार शान्ति पूर्वक मनाए जाये . दुर्गा अष्टमी रामनवमी बालाजी जन्मोत्सव महर्षि कश्यप जयन्ती पर्व व शोभायात्रा के साथ साथ ' रमजान माह मे सभी अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाये इण्टरनेट मिडिया पर पुलिस की नजर रहेगी किसी ने भडकाऊ पोस्ट की तो कडी कारवाई की जायेगी पर्व के दौरान किसी भी व्यक्ति ने हिंसा करने या भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने का कार्य किया तो वह बच नही पायेगा यदि किसी को कोई सूचना मिले तो तुरन्त पुलिस को सूचना दे पुलिस समस्या का समाधान करेगी क्षेत्राधिकारी ने नागरिको से सुभाव मांगे तथा कुछ समस्याओ का समाधान भी किया

उन्होने कहा नगर व ग्रामिण क्षेत्र मे साफ सफाई की व्यवस्था नगर पंचायत व ग्राम पचायतो से कराई जायेगी बैठक मे थानाध्यक्ष दलीप शमी जलालाबाद कादरगढ हिन्ड चौकी प्रभारी के साथ साथ अनेक प्रधान बी डी० सी० सदस्य पूर्व चेयरमैन इन्तजार अजीज सजय शर्मा गफ्फार अली जला ० हाजी राव जमशेद विशाल नामदेव यासीन पूर्व प्रधान हिन्ड कामिल भैसानी सादाब सोन्ता आदि मौजूद रहे

# पारले ग्रुप पार्टनर चैनल मीट का किया गया सफल आयोजन

**सर्वहित भारत**

**साहिबाबाद।** पारले ग्रुप पार्टनर चैनल मीटिंग 2023 का आयोजन वैशाली के केबीसी वेंकट हॉल में किया गया। जहां पर मुख्य रूप से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल फेडरेशन के चेयरमैन अशोक चौधरी, पारले ग्रुप के डायरेक्टरे संजीव जाजू, नॉर्थ इंडिया ऑपरेशन सेल्स हेड र-किेश सैनी , नेशनल सेल्स हेड जयदेव बनर्जी , सेल्स मैनेजर त्रिलोक मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बाजार में बैली वने के शुभारंभ को लेकर भी लोगों में काफी उत्साह दिखाई पड़ा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमार बेवरेज इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर सचिन चौधरी ने की। कार्यक्रम में पारले ग्रुप के अन्य पदाधिकारी एवं कुमार बेवरेज इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी समेत भाजपा युवा मोर्चा के महानगर महामंत्री संदीप चौधरी ने भी बैली ग्रुप को तरक्की की तरफ ले जाने पर चर्चा की। उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल फेडरेशन के चेयरमैने अशोक चौधरी एवं मौजूद अतिथियों द्वारा कई उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया।




# राजा टोडरमल जयंती आज

## पोरवाल समाज करेगा कई कार्यक्रम आयोजित



**बारां।** पोरवाल समाज के तत्वावधान में 18 मार्च शनिवार राजा टोडरमल की जन्म जयंती मनाई जाएगी। पोरवाल समाज अध्यक्ष भानु पोरवाल व सचिव महावीर पोरवाल असनावर वालो ने बताया कि पोरवाल समाज मनाएगा राजा टोडरमल जयंती के अवसर पर 18 मार्च शनिवार सुबह 9 बजे गणेश भवन पोरवाल नोहरे पर सभी स्वजातीय बंधु- महिलाएं एवं बालक -बालिकाओं सहित परिवार जन एकत्रित होंगे। उसके उपरांत वहां से बेंड बाजो मधुर दोनों के बीच जुलुस के रूप में नगर भ्रमण किया जाएगा । उन्होंने बताया कि जुलूस में घोड़े पर सवार युवक आकर्षक मुद्रा में सजी-धजी आकर्षण का केंद्र रहेंगे तथा गाजे बाजे धुनों पर महिलाओं के गीतों की स्तुति रहेगी साथ ही जुलूस में सम्मिलित समाज के बंधु जयकारों के साथ निकलेंगे । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम और जुलूस के दौरान महिलाएं लाल चुनड़ी पहनकर व पुरुष सफेद कुर्त्ता- पायजामे या पेंट शर्ट के निर्धारित ड्रेस कोड में पहुचेंगे।

# शहीद राजा हसन मेवाती जी का मनाया गया बलिदान दिवस

**गाजियाबाद।** राजस्थान के मेवात के आखिरी राजा क्रांतिकारी शहीद राजा हसन जी का 496 वे बलिदान दिवस हिंदी भवन लोहिया नगर मैं मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उदय माहुरकर एवं न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार जैन डॉक्टर अफरोज अहमद कथावाचक नवनीत ने अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्म के सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे आयोजकों ने सभी मुख्य अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर साहिबाबाद से बीजेपी नेता एवं पूर्व पार्षद पंचम चौधरी संजय चौहान सुनील चौधरी टीटू भाई त्रिलोक सिंह रितेश तोमर तासु तोमर सुगन पाल यादव उमेश उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।



# एमएमएच कॉलेज में सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन





**सर्वहित भारत**

**गाजियाबाद।** एमएमएच कॉलेज के सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन काफी धूमधाम से किया गया। इसमें 70 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था जिनमें से तीन-तीन की छह टीमों को एक लिखित प्रश्नोत्तरी के माध्यम से चुना गया था।

कार्यक्रम की शुरूआत पूर्वाह्न करीब 11 बजे प्राचार्य के संबोधन से हुई। यह आयोजन अच्छी फैकल्टी की उपस्थिति से समृद्ध हुआ। हमारे बीच डॉ. ए.के. भार्गव (संयोजक आईक्यूएसी), प्रो. केशव कुमार (डीएसडब्ल्यू), डॉ. एस.बी. कुलश्रेष्ठ (पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग), प्रश्नोत्त-री समिति के सदस्यः प्रो. अपर्णा मल्होत्रा, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अभिषेक कुमार और शिवम गुप्ता। विभिन्न संकायों के अन्य सदस्य जैसे। कार्यक्रम में डॉ. स्वाति ठाकुर, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. सीमा शर्मा, प्रो. रीना सिंह (संयोजक-सांस्कृतिक समिति), डॉ. विमलेश यादव, प्रो. गीता शर्मा, डॉ. अरुण लता वर्मा और डॉ. अल्पना रानी ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

गहन प्रश्नोत्तरी के पांच राउंड के बाद तीन टीमों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं के रूप में पहचाना गया। प्राचार्य द्वारा डॉ. प्रभा रानी और डॉ. एस.बी. पु-रस्कार वितरण में कुलश्रेष्ठ भी शामिल हुए।

कशिश फाउंडेशन दादरी द्वारा ट्राफियां दान की गईं।

समारोह का समापन डॉ. अपर्णा मल्होत्रा के संदेश और सह-संयोजक के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## परिणाम इस प्रकार हैं...

**पहली स्थिति**
फैसल अहमद पुत्र इकरमुद्दीन एलएलबी तृतीय
आकाश सिंह पुत्र रविंदर सिंह एलएलबी तृतीय
तराना पुत्र मोहम्मद मियाना एलएलबी तृतीय

**द्वितीय स्थान**
सिमरन पुत्र अरविंद कुमार बीए द्वितीय
रौनक पवार पुत्र उदय पाल सिंह एमए द्वितीय (राजनीतिक विज्ञान)
अमित कुमार पुत्र नरेश राम एमए द्वितीय (इतिहास)

**तृतीय स्थान**
निकिता पुत्री सुशील कुमार एलएलबी तृतीय
तनिश कसाना पुत्र सुनील कुमार बीएससी प्रथम
वैभव नगर पुत्र श्रीपाल नगर बीएससी प्रथम

# रामचरितमानस पर मेरे बयान का संघ प्रमुख भागवत ने समर्थन किया तो विरोध का कोई मतलब नहीं: प्रो. चंद्रशेखर

**–जेडीयू ने दी चंद्रशेखर को नसीहत, आरआरएस में हो जाइए शामिल**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में रामचरितमानस पर खूब सियासत हो रही है और इसके मुख्य केंद्र बिंदु बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर बने हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने हाल ही में सदन के अंदर रामचरितमानस के बहाने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि मेरे बयान का जब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने समर्थन किया है तो जो विरोध कर रहे हैं, उसका कोई मतलब नहीं है। साफ है कि चन्द्रशेखर के रामचरितमानस को लेकर दिए बयान और सदन में रामचरितमानस ग्रंथ लाने पर बीजेपी के साथ-साथ जदयू के कुछ विधायकों ने भी निशाना साधा है। जदयू के कुछ विधायकों ने न सिर्फ हमला बोला, बल्कि शिक्षा मंत्री को एक बड़ी नसीहत भी दे दी कि जिसके बाद बिहार की सियासत फिर से तेज गई है।

दरअसल वर्तमान में बिहार विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है और इस बजट सत्र में सबसे ज़्यादा अगर कोई चर्चा में है तो वो है बिहार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर। हाल ही में वह सदन में रामचरितमानस की कॉपी लेकर पहुंचे थे और संघ प्रमुख मोहन भागवत का जिक्र भी किया था, जिसके बाद बीजेपी के साथ-साथ जदयू ने भी उन पर निशाना साधा है और उन्हें आरएसएस में शामिल होने की नसीहत भी दे दी है। जदयू विधायक डॉ. संजीव ने शिक्षा मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा है कि अब तो उनके बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भी खराब लगता है। उन्हें अब शिक्षा मंत्री से इस्तीफा देकर आरएसएस में शामिल हो जाना चाहिए, क्योंकि उन पर संघ प्रमुख मोहन भागवत का असर कुछ ज्यादा ही दिख रहा है। इसलिए वह बार-बार संघ प्रमुख के नाम का हवाला देकर अपनी बात को सच साबित करने पर तुले हुए हैं तो इससे बेहतर और क्या हो सकता है कि वह संघ में ही शामिल हो जाएं।

वहीं जदयू के ही एक और विधायक नीरज कुमार ने कहा कि गांधी, अंबेडकर, जेपी, लोहिया की राह पर चलने की बात कहने वाले लोग अब आरएसएस की विचारधारा की बात कहने लगे हैं और मोहन भागवत की बात कहकर उनके समर्थन का हवाला दे रहे हैं, ये तो अजीब विडंबना है। अगर चलना ही है तो बाबा साहब के बनाए संविधान की राह पर चलें, लेकिन चल रहे हैं आरएसएस प्रमुख की राह पर। कहीं ऐसा तो नहीं, कहीं पर निगाहें और कहीं पर निशाना।जाहिर है रामचरितमानस को लेकर बीजेपी और और जदयू के सुर एक नजर आ रहे हैं और निशाने पर शिक्षा मंत्री आ गए है, लेकिन शिक्षा मंत्री भी झुकने को तैयार नहीं हैं और अपने ऊपर हमला बोलने वाले नेताओं पर पलटवार करते हुए कहते हैं कि जो मुझ पर हमला बोल रहे हैं वो संघ प्रमुख मोहन भागवत से बात कर लें कि मैं सही बोल रहा हूं या गलत। बहरहाल सियासत गर्म है और हर उस मुद्दे पर सियासत तेज होने वाली है, जो वोटर को पोलराईज कर सके और इस काम में सत्ताधारी दल हो या विरोधी दल अपने अपने एजेंडे पर चल रहे हैं, लेकिन रामचरितमानस के मुद्दे पर फ़िलहाल जदयू और बीजेपी के सुर एक दिख रहे हैं, जो थोड़ा हैरान कर रहा है।


## खुद को पीएमओ का अफसर बता ली जेड प्लस सुरक्षा

**–महीनों तक कश्मीर में हैल्थ रिसॉर्ट्स के दौरे किए**



**श्रीनगर (एजेंसी)।** गुजरात का एक ठग खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का वरिष्ठ अधिकारी बताकर कश्मीर में हैल्थ रिसॉर्ट्स के दौरे किए और इतना ही नहीं उन्हें जेड-प्लस सुरक्षा भी दी गई। बता दें कि इस बहरूपिए का नाम किरण भाई पटेल है जो इस साल की शुरुआत में श्रीनगर के अपने दो दौरों के दौरान अधिकारियों के साथ कई बैठकें भी की। पटेल ने खुद को पीएमओ का एडिशनल डायरेक्टर बताया जिसके बाद करीब 10 दिन पहले गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार को मजिस्ट्रेट द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद यह मामला सामने आया। इस ठग ने घाटी में अपनी पहली यात्रा फरवरी में की थी इस दौरान उसने अर्धसैनिक बल और पुलिस की सुरक्षा के साथ उसके विभिन्न स्थानों की यात्राए की। इतना ही नहीं यह बहरूपिया सामने आए वीडियो में पैरामिलिट्री गार्डों के साथ बडगाम के दूधपथरी में बर्फ के बीच से गुजरता हुआ नजर आ रहा है और तो और श्रीनगर में क्लॉक टॉवर लाल चौक के सामने फोटो भी खिंचवाई। सूत्रों का कहना है कि पटेल ने गुजरात से अधिक पर्यटकों को लाने के तरीकों और दूधपथरी को एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के बारे में चर्चा करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठकें भी की थीं। सूत्रों ने कहा कि एक आईएएस अधिकारी, जो कि जिला मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात हैं, उन्होंने पिछले महीने एक वरिष्ठ पीएमओ अधिकारी की यात्रा के बारे में पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद खुफिया एजेंसियों ने पुलिस को पीएमओ के एक अधिकारी के रूप में इस ठग के बारे में सतर्क किया और जिसके बाद उसे श्रीनगर के एक होटल से गिरफ्तार किया गया।

## 'राष्ट्र-विरोधी टूलकिट' का एक स्थायी हिस्सा बन गए हैं राहुल गांधी : जेपी नड्डा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को ब्रिटेन में अपनी टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी पर तीखा हमला किया और कहा कि वह 'राष्ट्र-विरोधी टूलकिट' का एक स्थायी हिस्सा बन गए हैं। नड्डा ने मीडिया को बताया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। लोगों द्वारा बार-बार ठुकराए जाने के बाद राहुल गांधी भारत के खिलाफ काम करने वाले 'टूलकिट' का स्थाई हिस्सा बन गए हैं। नड्डा ने 'भारत के आंतरिक मामलों में दूसरे देश के हस्तक्षेप की मांग करने' पर राहुल गांधी से उनकी मंशा के बारे में सवाल किया। उन्होंने सवाल किया की राहुल गांधी, जब आप भारत के आंतरिक मामलों में किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप की मांग करते हैं, तो आपका क्या इरादा है? उन्होंने आगे कहा कि एक ओर आज भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है और वहीं जी-20 की बैठकें हो रही हैं, राहुल गांधी विदेशी धरती पर देश और संसद का अपमान कर रहे हैं। मैं राहुल गांधी से जानना चाहता हूं इसके पीछे उनका क्या इरादा है?

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। आजादी के बाद से भारत के इतिहास में यहां तक कि सबसे कठिन समय में भी भारत के किसी भी नेता ने कभी भी विदेशी शक्तियों से भारत सरकार के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील नहीं की। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। वहीं गुरुवार को लगातार चौथे दिन भी संसद में गतिरोध जारी रहा और सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दल अपने-अपने रुख पर कायम रहे। भाजपा ने ब्रिटेन में अपनी टिप्पणी पर राहुल गांधी से माफी की मांग की, जबकि विपक्षी सदस्यों ने अदानी समूह के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने का दबाव बनाया।

## कर्नाटक में कांग्रेस पर जमकर बरसे हिमंत बिस्वा सरमा, मदरसों पर कार्रवाई को लेकर कही यह बात

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कांग्रेस पर जमकर हमलावर रहते हैं। एक बार फिर से उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा है। कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने दिखाया कि भारत का इतिहास बाबर, औरंगज़ेब और शाजहाँ के बारे में था। मैं बताना चाहता हूं कि भारत का इतिहास उनके बारे में नहीं था, बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोबिंद सिंह के बारे में था। कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले, राज्य में राजनीतिक पारा चढ़ता जा रहा है और कांग्रेस और भाजपा नेता मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में हिमंत बिस्वा सरमा कर्नाटक के दौरे पर गए थे। बेलगावी में हिमंत ने कांग्रेस पर हमला किया और लोगों से छत्रपति शिवाजी महाराज और स्वामी विवेकानंद के सपने के अनुसार नए भारत के निर्माण में पीएम नरेंद्र मोदी की मदद करने का आग्रह किया।

सरमा ने कहा कि कभी दिल्ली के शासक मंदिरों को तोड़ने की बात करते थे, लेकिन आज पीएम मोदी के शासन में, मैं मंदिरों के निर्माण की बात कर रहा हूं। यह नया भारत है। कांग्रेस इसे कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस आज नए मुगलों का प्रतिनिधित्व कर रही है। उन्होंने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब के शासन के दौरान ''सनातन' संस्कृति को समाप्त करने का प्रयास किया गया।' भाजपा नेता ने कहा कि कई लोगों को जबरन इस्लाम में परिवर्तित किया गया था। उस समय छत्रपति शिवाजी महाराज ने जन्म लिया और उन्होंने दिखाया कि भारत माता उनके जैसे बेटे को जन्म दे सकती है जो औरंगजेब को चुनौती दे सकता है।

## 40 मिलियन भारतीय अब डिजिटल रूप से साक्षर : स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को हिंदुत्व पर बात की और कहा कि 1970 के दशक में विकास की हिंदू दर नामक एक अद्वितीय आर्थिक कलंक लगाया गया था, जिसने सुझाव दिया कि हिंदू जीवन शैली स्थिर, संतुष्ट और सुधार से बहुत दूर थी। नई दिल्ली में एक कॉन्क्लेव में महिला और बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री ने भी अपने जीवन के तरीके सर्वधर्म समभाव के बारे में बात की, जिसका अर्थ है कि सभी धर्म और समुदाय समृद्ध हो सकते हैं। स्मृति ईरानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि मेरी जीवन शैली देश को एक प्रधान सेवक देती है, जो सभी भारतीयों को समान देखता है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सभी की खुशी में विश्वास करते हैं, यही वजह है कि उन्होंने पहल की।

स्मृति ईरानी ने कहा कि मेरा जीवन जीने का तरीका देश को एक प्रधान सेवक देता है, जिसने देश के लिए लगन से काम किया और सुनिश्चित किया कि कोविड-19 महामारी के दौरान दुनिया को अधिकतम चिकित्सा सहायता मिले। स्मृति ईरानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को डिजिटल भुगतान से परिचित कराया, जिसने अब 40 मिलियन भारतीयों को डिजिटल रूप से साक्षर बना दिया है। केंद्रीय मंत्री ने देश के कल्याण के लिए पीएम मोदी द्वारा शुरू की गई अनगिनत अन्य योजनाओं पर भी बात की और कहा कि उन्होंने भारत के लोगों की दैनिक चुनौतियों का समाधान किया है।

नई दिल्ली में एक कॉन्क्लेव में महिला और बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने न्यू इंडिया पर बात की और कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों भारतीयों को बड़े पैमाने पर चिकित्सा लाभ मिला है। देश में लगभग 17 करोड़ महिलाओं ने आगे बढ़कर स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों का उपयोग किया, जिसका अर्थ है कि महिलाएं चुनौतियों से अवगत थीं और समाधान की प्रतीक्षा कर रही थीं। स्मृति ईरानी ने कहा कि यह नया भारत है जिस पर मुझे गर्व है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आयुष्मान भारत योजना की बात करते हैं, तो वह अल्पसंख्यकों सहित समाज के सभी वर्गों को कवर करते हैं। यह पूछे जाने पर कि वह उन लोगों के बारे में क्या महसूस करती हैं जो नए भारत के बारे में खतरा महसूस करते हैं, जो अपनी आस्तीन पर हिंदुत्व भी पहनता है, स्मृति ईरानी ने कहा कि मुझे स्वीकार्य होने के लिए मुझे अपनी धार्मिक पहचान को कम करने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करना मेरे लिए है कि कानून के तहत सभी के साथ समान व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी को यह पहचानने की जरूरत है कि अल्पसंख्यक शब्द मुख्य रूप से धर्म से संबंधित नहीं है।

## दिल्ली में मास्क पहनना होगा अनिवार्य? इन्फ्लूएंजा के खतरे के बीच स्वास्थ्य मंत्री ने दी बड़ी जानकारी




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** लोग कोरोना महामारी की भयावहता से उबर ही रहे थे कि इन्फ्लूएंजा ने डराना शुरू कर दिया है। देश के कई राज्यों में इसका खतरा बढ़ता दिखाई दे रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में भी इसने लोगों की चिंता बढ़ा रखी है। इन सब के बीच दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसको लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अस्पतालों में ज्यादा मामले नहीं हैं लेकिन हम सतर्क हैं और स्थिति पर गहरी नजर बनाए हुए हैं। इसके साथ दि दिल्ली के नए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने अधिकारियों को राष्ट्रीय राजधानी में 'इन्फ्लूएंजा' वायरस के मामलों का पता लगाने के लिए शीघ्र जांच करने का निर्देश दिया है।

भारद्वाज से संवाददाताओं ने सवाल पूछे थेय़ सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 'इन्फ्लुएंजा' वायरस के मामले मार्च के अंत तक आमतौर पर कम हो जाते हैं लेकिन, इस बार देश के कई हिस्सों में बड़ी संख्या में इसके मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही आप नेता ने कहा कि जिन लोगों को गंभीर अस्थमा या कोविड-19 है, वे सबसे अधिक इन्फ्लुएंजा की चपेट में आए। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों और 65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत है।'' दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्र ने छह राज्यों को कोविड परामर्श जारी किया है, उसमें दिल्ली शामिल नहीं है। हालांकि हम इन्फ्लुएंजा को फैलने से रोकने के लिए परामर्श जारी कर रहे हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन्फ्लुएंजा के मामलों का पता लगाने के लिए अधिकारियों को जल्द जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली के अस्पतालों में ज्यादा मामले नहीं हैं लेकिन हम सतर्क हैं और स्थिति पर गहरी नजर बनाए हुए हैं। भारद्वाज ने यह भी कहा कि सरकार की मास्क पहनना अनिवार्य करने की कोई योजना नहीं है। सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचने, बार-बार हाथ धोने आदि जैसे एहतियाती कदम उठाने पर अभी ध्यान दिया जा रहा है।

## भारतीय सेना कर रही है अपनी परिचालन दक्षता में वृद्धि: सेना प्रमुख मनोज पांडेय

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत पाकिस्ताव जैसे आतंकी मुल्क और धोखेबाजी में माहिर चीन जैसे शातिर पड़ोसियों से घिरा हुआ है। ऐसे में किसी भी नापाक हरकत का माकूल जवाब देने के लिए सेना को भी 24 घंटे सातों दिन अलर्ट मोड पर रहना पड़ता है। चीन-पाक से तनाव के बीच सेना प्रमुख मनोज पांडे ने दावा किया है कि भारतीय सेना की ऑपरेशनल तैयारी उच्च स्तर पर है। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल एक परिवर्तनकारी चरण में है। भारतीय सेना अपनी परिचालन दक्षता में वृद्धि कर रही है। साथ ही पाकिस्तान और चीन से खतरे के प्रति जागरूक, उच्च स्तर की परिचालन तत्परता को भी कायम रखा हुआ है।

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय सेना विशिष्ट प्रौद्योगिकी की क्षमता के साथ ही आधुनिकीकरण के लिए कई उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का रोल आउट युद्ध में गेम चेंजर हो सकता है। जनरल पांडेय ने कहा कि परिवर्तन, जिस तरह से हम इसे देखते हैं, वह हमें एक अधिक आधुनिक, अधिक चुस्त और अधिक युद्ध के लिए तैयार बल बनने में सक्षम बनाता है, ताकि हम भविष्य की सभी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए तैयार हो सकें। सेना प्रमुख ने कहा कि विशेष रूप से रक्षा निर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता या आत्मनिर्भरता के लिए सरकार का जोर एक सकारात्मक कदम है। सीओएएस मनोज पांडे ने कहा कि




जब तक देश आत्मनिर्भर नहीं होंगे और उनके पास सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला नहीं होगी, उनके लिए सुरक्षा चिंताओं को दूर करना और भविष्य में आगे बढ़ना बहुत मुश्किल होगा।

## योगी के एक्शन के आगे सब फेल, पिछले 6 साल में हुए 10 हजार से ज्यादा एनकाउंटर, टॉप पर रहा मेरठ

**– मेरठ में सबसे ज्यादा मारे गए, 13 पुलिस अफसर भी शहीद**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने यूपी चुनाव 2022 में लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर वापसी करने में सफल रही। इसे एक बड़ी घटना और राजनीतिक बदलाव के तौर पर देखा गया। अमूमन सरकारों को पलट देने के लिए चर्चित रहे यूपी के मतदाताओं को आखिर कौन-सी बात योगी सरकार में पसंद आई? इसको लेकर दावे तो कई हैं, लेकिन एक बड़ा मुद्दा सुरक्षा और कानून व्यवस्था का है। योगी सरकार के बुलडोजर मॉडल की तारीफ खूब हुई है। यूपी चुनाव में बुलडोजर बाबा के रूप में विख्यात हुए सीएम योगी आदित्यनाथ को यूपी की जनता का समर्थन मिला और सरकार बनी। लेकिन प्रयागराज में उमेश पाल की सरेआम हत्या ने योगी सरकार की इसी उपलब्धि पर सवाल खड़ा किया है। ऐसे में योगी सरकार की पिछले 6 सालों की सरकार में अपराधियों पर हुई कार्रवाई का एक आंकड़ा सामने आया है। चर्चा इस पर भी शुरू हो गई है। मार्च 2017 में सत्ता संभालने के बाद योगी सरकार ने कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए कड़े एक्शन का फरमान जारी किया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इन छह सालों में 10,814 एनकाउंटर किए। इसमें 179 अपराधियों को मार गिराया है। योगी सरकार के पिछले 6 सालों में उत्तर प्रदेश में अपराधियों के साथ 10 हजार से अधिक एनकाउंटर और 179 अपराधियों के एनकाउंटर में मौत के जरिए सरकार अपनी सख्त नीति को सामने ला रही है। एनकाउंटर में मारे गए अपराधी लिस्टेड थे। पुलिस की ओर से दावा किया जा रहा है कि उन्हें जवाबी कार्रवाई में मार गिराया गया। मारे गए अपराधियों में से अधिकतर की गिरफ्तारी पर 75 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक का नकद इनाम था। एनकाउंटर में मेरठ क्षेत्र में 63 अपराधी मारे गए हैं।

मेरठ जोन 2017 के बाद से सबसे अधिक 3,152 एनकाउंटर हुए हैं। यहां 1708 अपराधी घायल भी हुए। वहीं, वाराणसी 20 एनकाउंटर मौत के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद आगरा में 14 एनकाउंटर मौत हुई है। पिछले 6 सालों के दौरान 4947 अपराधी एनकाउंटर के दौरान घायल हुए हैं। एनकाउंटर में केवल अपराधियों को ही नुकसान नहीं हुआ है। पुलिसकर्मियों को भी इसका असर झेलना पड़ा है। यूपी पुलिस ने 20 मार्च 2017 से 6 मार्च 2023 के बीच हुई एनकाउंटरों में 23,069 बदमाशों को गिरफ्तार किया। इन एनकाउंटरों में 4911 अपराधी घायल हुए। इन झड़पों में 13 पुलिस अधिकारी भी मारे गए हैं। वहीं, 1424 पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं। कुल मिलाकर पुलिस ने इन एनकाउंटरों के जरिए 23,125 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यूपी पुलिस के एनकाउंटर में मारे गए अपराधियों में पांच लाख रुपए के नकद इनाम वाले दो अपराधी शामिल हैं। इनके अलावा ढाई लाख रुपए के इनामी चार, दो लाख रुपए के दो, डेढ़ लाख रुपए के छह और एक लाख रुपए नकद इनाम वाले 27 अपराधियों की एनकाउंटर में मौत हुई। इसके साथ ही कई अन्य पर 75 हजार रुपए का इनाम था, जिन्हें पुलिस की गोली का सामना करना पड़ा। योगी सरकार ने कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार को प्राथमिकता दी।



## महबूबा के नवग्रह मंदिर में पूजा पर मुस्लिम धर्मगुरु नाराज

सहारनपुर । दारुल उलूम देवबंद के मौलवियों ने पीडीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पुंछ जिले के नवग्रह मंदिर में पूजा पर नाराजगी जाहिर की है। मौलवियों ने कहा कि दूसरे धर्म की परंपरा उनके विश्वास के खिलाफ है। मदरसा जामिया शेख-उल हिंद के कुलपति मौलाना मुफ्ती असद कासमी ने कहा, मुसलमानों को केवल अपने धर्म का पालन करना चाहिए। शरिया के अनुसार अन्य धर्मों की परंपराओं को अपनाने की अनुमति नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह कोई फतवा नहीं है, बल्कि उनका निजी विचार है। उन्होंने कहा, अगर कोई (मुस्लिम) अन्य धार्मिक प्रथाओं को चुनता है, तब यह उचित नहीं है। देश स्वतंत्र है, और हर कोई जानता है कि सही और गलत क्या है। जमीयत दावत-उल मुस्लिमीन के संरक्षक मौलाना कारी इशाक गोरा ने कहा, धर्म के नियमों का पालन किया जाना चाहिए।

## इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रग्स की खेप पकड़ी

नई दिल्ली । दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी गई। शक होने पर एक महिला को किनारे किया गया। इसके बाद लगेज की तलाशी में चूड़ियों के बॉक्स और लेडीज पर्स से 2.39 किलो ड्रग्स बरामद हुई। इसकी कीमत 4.78 करोड़ रुपये है। सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की सर्विलांस और इंटेलिजेंस की टीम तैनात थी। उनकी नजर संदिग्धों पर रहती है। टीम की नजर एक महिला यात्री पर नजर पड़ी, जो टर्मिनल 3 के चेकिंग एरिया में मौजूद थी। उसकी गतिविधि को देखकर सीआईएसएफ की टीम को कुछ संदेहास्पद लगा। रोककर पूछताछ की तब उसकी पहचान भारत की रहने वाली सईदा आबिदा के रूप में हुई। पता चला कि वह दोहा के लिए कतर एयरवेज की फ्लाइट से जाने वाली थी। महिला का सामान जांचा गया, तब ड्रग्स बरामद हुई। रैंडम लगैज की चेकिंग के दौरान इस महिला के लगेज का नंबर आया। एक्स-रे मशीन में बाग के भीतर पाउडर जैसी कोई चीज दिखी। जांच में पता चला कि वह ड्रग एंफेटामाइन है। इसके 20 अलग-अलग पैकेट्स को लगेज के अंदर फैब्रिकेटेड करके, कैविटी बना करके रखा हुआ था। ड्रग्स को बड़ी ही सफाई से लेडीस पर्स और चूड़ियों के बॉक्स के अंदर छुपाकर रखा गया था। सारा पाउडर बरामद करने पर उसका कुल वजन 2 किलो 390 ग्राम निकला। इंटरनेशनल मार्केट में इतने ड्रग्स की कीमत 4.78 करोड़ है।

## रक्षा क्षेत्र में 70 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्तावों को मंजूरी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा क्षेत्र में 70 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों को मंजूरी देने को शुक्रवार को ''आत्मनिर्भरता को बढ़ावा'' देने की दिशा में उठाया गया एक कदम बताते हुए कहा कि यह भारतीय प्रतिभा में विश्वास की पुनः पुष्टि करता है। गौरतलब है कि भारत ने स्वदेश में विकसित 70 हजार 584 करोड़ रुपये के सैन्य साजो-सामान की खरीद को बृहस्पतिवार को मंजूरी दी थी, जिससे घरेलू रक्षा विनिर्माण को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। डीएसी ने सैन्य साजो-सामान की खरीद के लिए 70 हजार 584 करोड़ रुपये के 'एक्सेप्टेंस ऑफ नेसेसिटी' (एओएन) को स्वीकृति दी थी, जिसके तहत सभी खरीद 'स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित' श्रेणी के तहत की जाएगी। राजनाथ के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया था कि इतने बड़े पैमाने पर स्वदेशी खरीद न केवल भारतीय उद्योगों को 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करेगी, बल्कि विदेशी विक्रेताओं पर भारत की निर्भरता को भी काफी हद तक कम करेगी। राजनाथ के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा भारतीय प्रतिभा में हमारे विश्वास की पुष्टि है।

### प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर मतुआ महामेला में आने की अपील की

प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में लोगों से मतुआ महामेला में शिरकत करने की अपील की। पश्चिम बंगाल के ठाकुरबाड़ी के श्रीधाम ठाकुरनगर में 19 से 25 मार्च तक मतुआ महामेला का आयोजन किया जाएगा। मोदी ने कहा कि मतुआ महामेला 2023 एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो मतुआ समुदाय की जीवंत संस्कृति को प्रदर्शित करता है। मैं लोगों से बड़ी संख्या में मेले में आने का आग्रह करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानव जाति दया और सेवा का मार्ग दिखाने के लिए श्री श्री हरिचंद ठाकुर जी की हमेशा ऋणी रहेगी।

## 700 भारतीय विद्यार्थियों को ब्रिटेन से निष्कासन?

**–2 साल पढ़ाई, लाखों रुपए फीस, 2 साल बाद वीजा निरस्त?**

नई दिल्ली। कनाडा गए भारतीय विद्यार्थियों को 2 साल पहले कनाडा की सरकार ने वीजा दिया था। 2 साल बाद कनाडा सरकार को पता लगा की वीजा लेने के लिए जो दस्तावेज लगे थे। उसमें ब्रिटेन की संस्थाओं के फर्जी ऑफर लेटर थे। इसके कारण उनके वीजा निरस्त कर अब 700 छात्रों को भारत वापस जाने का नोटिस दिया गया है। विद्यार्थियों ने 2 साल कनाडा में अपनी पढ़ाई का डिप्लोमा कोर्स पूरा किया। उन्हें सरकार की ओर से वर्क परमिट भी मिल गया। कनाडा के स्थाई निवासी का दर्जा पाने के लिए जब उन्होंने आप्रवासन विभाग में आवेदन किया। उसके बाद दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई। 2018-19 में पंजाब से 700 विद्यार्थी डिप्लोमा करने के लिए कनाडा पहुंचे थे। बृजेश मिश्रा नामक एक ठग ने ब्रिटेन की शिक्षण संस्थाओं के फर्जी दस्तावेज बनाकर इनका वीजा हासिल किया था। मिश्रा ने हर विद्यार्थी से 16-16 लाख रुपए लिए थे। कनाडा के प्रीमियर इंस्टिट्यूट हंबर कॉलेज की एडमिशन फीस इसमें शामिल थी। एयर टिकट और सिक्योरिटी डिपॉजिट इत्यादि भी लिया था। इनका वहां पर प्रवेश हुआ और डिप्लोमा भी किया। 2 साल बाद अब 700 छात्र वापिस भारत भेजे जा रहे हैं। इस पूरे मामले में भारत सरकार और ब्रिटिश दूतावास की चुप्पी 700 छात्रों के भविष्य को लेकर निराश कर रही है। 2 साल पहले इस बात का खुलासा हो जाता, कि दस्तावेज फर्जी थे। तो इन बच्चों का 2 साल बर्बाद नहीं होता। फर्जीवाड़े का खुलासा भी उसी समय हो जाता। इस सारी गड़बड़ी में कनाडा सरकार के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने समय रहते सही तरीके से छानबीन की होती, तो छात्रों को इतनी परेशानी नहीं होती।

## संसद टीवी पर लोक सभा के लाइव प्रसारण के दौरान आडियों हुआ गुल

नई दिल्ली । लंदन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए बयान को लेकर उनकी माफी और कारोबारी गौतम अडानी पर हुए खुलासे की जांच के लिए जेपीसी गठन की मांग को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के कारण शुक्रवार को भी दोनों सदनों में हंगामा जारी रहा। हंगामे के कारण शुक्रवार को लोक सभा और राज्य सभा दोनों सदनों की कार्यवाही को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया लेकिन इस बीच लोकसभा के लाइव प्रसारण में एक अजीब सी घटना हुई। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के एक मिनट बाद ही संसद टीवी पर लोक सभा के लाइव प्रसारण की आवाज गायब हो गई यानी ऑडियो गुल हो गया। सुबह 11 बजे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के सदन में आने के साथ ही सभी सांसदों ने पहले उनका अभिवादन किया और उसके बाद दोनों ही पक्षों की तरफ से नारेबाजी शुरू हो गई। आसन पर बैठने के बाद लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू कर पहला प्रश्न पूछने के लिए कांग्रेस के सांसद मनीष तिवारी का नाम पुकारा। कांग्रेस सांसद तिवारी ने खड़े होकर सवाल पूछना शुरू ही किया था कि इस बीच नारेबाजी और तेज हो गई। इसके कुछ ही सेकेंड बाद 11:01 पर संसद टीवी पर लोकसभा के सीधे प्रसारण का ऑडियो गुल हो गया। इसके बाद 18 मिनट तक लोकसभा में जारी हंगामे के दृश्य दिखाई दिए लेकिन सदन के अंदर जारी हंगामे और नारेबाजी की आवाज सीधा प्रसारण देखने वाले को सुनाई नहीं दे रहा था। ऑडियो गुल होने के 18 मिनट बाद 11:19 पर दो बार इसका ऑडियो वापस आया और दोनों बार कांग्रेस सांसदों के नारेबाजी की आवाज सुनाई दी जिसमें वे अडानी मामले पर और राहुल गांधी को बोलने देने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। कुछ ही सेकेंड बाद ऑडियो फिर गायब हुआ और जब 11:20 पर इसका ऑडियो वापस आया, तब उस समय अध्यक्ष बिरला सांसदों से सदन चलने देने का आग्रह करते हुए यह कहते सुनाई दिए कि सांसदों को सदन में नारेबाजी करने के लिए नहीं बल्कि सदन को चलने देने के लिए भेजा गया है।

## संपादकीय

### प्रदूषण का दाग

यह खबर परेशान करती है कि भारत दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों की सूची में आठवें स्थान पर है। यह स्थिति हमें दुनिया के तमाम पिछड़े व गरीब मुल्कों के करीब खड़ा करती है। साथ ही बताती है कि गाल बजाते नीति-नियंता जमीनी हकीकत के मामले में विफल साबित हुए हैं। मंगलवार को पूरी दुनिया में हवा की गुणवत्ता की जांच करने वाली स्विस एजेंसी आई.क्यू एअर ने वायु प्रदूषण की वैश्विक स्थिति पर रिपोर्ट जारी की। कुल 131 देशों की वायु गुणवत्ता की स्थिति के मूल्यांकन का आंकड़ा करीब तीस हजार ग्राउंड बेस मॉनिटरों के जरिये जुटाया गया। चिंताजनक स्थिति यह है कि दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित बीस शहरों में 19 एशिया के हैं। हमारे लिये बड़ी फिक्र की बात यह कि इन शहरों में 14 भारत के हैं। उल्लेखनीय है कि भारत पिछले साल दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में पांचवें स्थान पर था। सुधार की एक वजह यह है कि प्रदूषण नापने की इकाई यानी पी.एम 2.5 में भी गिरावट आई है। इसके बावजूद भारत की वायु गुणवत्ता विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सेहत की सुरक्षा के मद्देनजर निर्धारित मानकों की तुलना में बहुत ज्यादा खराब है। इस बार दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी नहीं है। इसकी वजह है नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली का मूल्यांकन अलग-अलग ढंग से किया गया। यदि तकनीकी तौर पर दिल्ली को दो भागों में न बांटा गया होता तो शायद यह दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी होती। दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली चौथे नंबर पर और नई दिल्ली 9वें स्थान पर है। दरअसल, हम अनियोजित विकास की त्रासदियों का दंश झेल रहे हैं। इसमें जहां हमारे नेतृत्व की उदासीनता शामिल हैं, वहीं उद्योग व कारोबारियों का पर्यावरण के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार भी। निस्संदेह, लोगों की उदासीनता तथा उत्तरदायित्व का अभाव भी समस्या का एक घटक है।

वैसे हालिया सर्वे का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि दिल्ली के मुकाबले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण कुछ सुधरा है। खासकर हरियाणा के औद्योगिक शहरों गुरुग्राम, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश के शहरों नोएडा,गाजियाबाद आदि में वायु गुणवत्ता में सीमित सुधार देखा गया है। ताज नगरी आगरा की स्थिति में भी सुधार हुआ। इसके बावजूद वैश्विक मानकों के अनुरूप स्थिति अच्छी नहीं है। कई रिपोर्टें लोगों की जीवन प्रत्याशा प्रदूषण से कम होने की बात कहती हैं। खासकर सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों और बच्चों को इससे ज्यादा खतरा बना हुआ है। वहीं बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ी हैं। दरअसल, वायु गुणवत्ता में गिरावट का यह ट्रेंड पूरे दक्षिण एशिया की तस्वीर उकेर देता है क्योंकि दुनिया के 100 प्रदूषित शहरों में 72 दक्षिण एशिया के हैं। खासकर भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश के हैं। यही वजह है कि स्विस एजेंसी अपनी रिपोर्ट में दक्षिण एशिया को वायु प्रदूषण का केंद्र बताती है। निस्संदेह यह स्थिति असहज करने वाली है। सत्ताधीशों को इस दिशा में कारगर योजना के साथ आगे बढ़ना होगा कि प्रदूषण कटौती के लिये व्यावहारिक उपायों के लिये कैसे संसाधन जुटाये जाएं और कैसे योजना का क्रियान्वयन किया जाये। निस्संदेह, इस समस्या से निबटने के लिये वर्षपर्यंत तंत्र को सक्रिय रहना होगा। केंद्र व राज्यों को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की भी नये सिरे से समीक्षा करनी होगी। जिसमें प्रदूषण से निबटने के प्रयासों में स्थानीय निकायों की बड़ी भूमिका निर्धारित करनी होगी। नागरिक के तौर भी लोगों से जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा की जानी चाहिए। उन्हें अहसास होना चाहिए कि हमारे गैर-जिम्मेदार व्यवहार से कई रोगियों, बुजुर्गों तथा बच्चों के जीवन का जोखिम बढ़ सकता है। इस बात की नये सिरे से समीक्षा होनी चाहिए कि कौन से घटक ज्यादा प्रदूषण पैदा करते हैं। साथ ही नीति-नियंताओं को आग लगने पर कुंआ खोदने की प्रवृत्ति से भी बचना होगा। अब चाहे वाहनों का कार्बन उत्सर्जन हो, निर्माण की धूल हो, फसलों-कचरे का निस्तारण हो या जीवाश्म ईंधन से बिजली उत्पादन का प्रश्न हो, समस्या को समग्र दृष्टि से देखने की जरूरत है। निस्संदेह, ठोस योजना के साथ प्रदूषण से लड़ने की दृढ़ इच्छाशक्ति जरूरी है।

### आफत में किसान

प्याज उगाने वाले किसान खासकर महाराष्ट्र के किसान बंपर फसल के बावजूद इन दिनों बेहद परेशान हैं। इसका कारण यह है कि उपज ज्यादा हो जाने से उनकी फसल को कोई नहीं पूछ रहा। किसानों के लिए खेती की लागत तक निकालना मुश्किल हो गया है। भारी नुकसान के बाद बड़ी तादाद में किसान सरकार को अपना दुखड़ा सुनाने नासिक से मुंबई की लंबी पदयात्रा पर निकले हैं। वे फौरन वित्तीय राहत निरंतर बिजली सप्लाई और कर्ज माफी की मांग कर रहे हैं। पदयात्रा में 10,000 किसान शामिल हैं। किसानों की अन्य मांगों में प्याज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था के अलावा बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल के लिए हर्जाना, कर्ज माफी, बिजली बिल माफी, कम से कम 12 घंटों की निरंतर बिजली सप्लाई वन



अधिकार कानून का पालन आदि मांगें शामिल हैं। महाराष्ट्र के लासलगांव में देश की सबसे बड़ी प्याज मंडी है। वहां फरवरी के शुरु आती दिनों में प्याज 1,151 रुपए क्विंटल बिक रहा था लेकिन अगले तीन हफ्तों के अंदर दाम गिर कर 550 रुपयों पर आ गए। राज्य में कहीं कहीं पर तो दाम 200 से लेकर 400 रुपयों तक गिर गए थे। फसल को मंडियों तक ले कर जाने का खर्च अलग होता है जिससे लागतऔर बढ़ जाती है। 1200 से 1500 रुपए प्रति क्विंटल का भाव नहीं मिलता तो कमाई होने के बजाए उन्हें घाटा उठाना पड़ता है। यहां घाटे से आजिज अनेक किसानों ने होली पर प्याज के ढेरों की ही होलिका जला दी थी। नाफेड पिछले कुछ समय से सीधे किसानों से प्याज खरीद रही है लेकिन किसान नाफेड के खरीद भावों से कतई संतुष्ट नहीं हैं। पदयात्रा शुरू होने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने नुकसान झेल चुके किसानों के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल हर्जाने की घोषणा की, लेकिन किसानों की मांग 600 रुपए प्रति क्विंटल की है। आलू को लेकर खबरें तो और भी चिंताजनक हैं। आलू की बंपर फसल बाजार में आ चुकी है लेकिन खरीदार नहीं मिल रहे। दाम 20 प्रतिशत तक गिर चुके हैं। उत्तर प्रदेश में किसानों का कहना है कि जहां उनकी लागत 10 रुपए किलो है, वहीं उन्हें दाम चार से छह रुपए किलो ही मिल रहे हैं। सरकार को समय रहते हस्तक्षेप करना चाहिए नहीं तो आलू किसानों को भी प्याज किसानों की तरह ही भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## सूक्ति

आप ईश्वर में तब तक विश्वास नहीं, कर पाएंगे जब तक आप अपने आप में विश्वास नहीं करते।
– स्वामी विवेकानन्द

मानव हृदय में घृणा, लोभ और द्वेष वह विषैली घास हैं जो प्रेम रूपी पौधे को नष्ट कर देती है।
– सत्यसाईं बाबा

## चिंतन-मनन

### ईश्वर को पाने के लिए प्रेम मार्ग से गुजरना होगा

प्रेम शक्ति भी है और आसक्ति भी। जब व्यक्ति का प्रेम कामना रहित होता है तो यह शक्ति होती है और जब प्रेम में किसी चीज को पाने का लोभ रहता है तो यह आसक्ति बन जाती है। सच्चा प्रेम वह होता है जो प्रेम में किसी प्रकार का लोभ और किसी चीज को पाने की कामना नहीं रखता है। ऐसा व्यक्ति प्रेम में ऐसा कमाल कर जाता है कि, बड़े से बड़े बलवान और धनवान उसके आगे घुटने टेक देते हैं। मीराबाई को दिया गया जहर असरहीन होना। ध्रुव को पहाड़ की चोटी से गिराने पर भी बच जाना, प्रह्लाद का आग के शोलों में भी मुस्कुराते हुए रहना और तुलसीदास का उफनती नदी को पार कर जाना यह प्रेम की शक्ति का उदाहरण है। संतजन कहते हैं कि जिसके हृदय में सच्चा प्रेम होता है वही व्यक्ति ईश्वर का भक्त हो सकता है। जरूरत है बस प्रेम की चाहे वह पैसे से हो, किसी स्त्री से, बच्चे से या अन्य सांसारिक वस्तुओं से।

अगर हृदय में प्रेम होगा ही नहीं तो ईश्वर क्या संसार में किसी चीज से लगाव हो ही नहीं सकता। भगवान से प्रेम करना वास्तव में उसी प्रकार है जैसा एक दिशाहीन गाड़ी को सही दिशा देना। संत श्री गोकुलनाथ जी ने कहा है कि जिसके हृदय में प्रेम का अंकुर होता है उस व्यक्ति को भक्ति की ओर प्रेरित किया जा सकता है, क्योंकि प्रेम का वृक्ष तभी उग सकता है जब प्रेम का बीज, प्रेम का अंकुर हृदय में मौजूद हो। बिना बीज के खेती भला कैसे हो सकती है।

इस संदर्भ में एक कथा है कि एक बार संत श्रीगोसाईं गोकुलनाथ जी के यहां एक धनवान व्यक्ति बहुत सारा धन लेकर शिष्य बनने की कामना से आया। गोसाईं जी ने उस व्यक्ति से पूछा कि क्या तुम्हारा कहीं किसी वस्तु पर ऐसा स्नेह है, जिसके बिना तुम्हारा मन व्याकुल हो जाता हो। उस व्यक्ति ने उत्तर दिया मेरा कहीं किसी वस्तु में तनिक भी स्नेह नहीं है। उत्तर सुनकर गोसाईं जी ने कहा कि फिर तो हम तुम्हें दीक्षा कदापि नहीं दे सकते। तुम किसी और गुरू को ढूंढ लो। भक्तिमार्ग में प्रेम ही प्रधान है। व्यक्ति का जो प्रेम संसार से होता है, दीक्षा शिक्षा से उसी को पलटकर भगवान में लगा दिया जाता है। जब तुम्हारे हृदय में कहीं प्रेम है ही नहीं तो भगवान के प्रेम से भला कैसे सराबोर हो सकते है।

# पड़ोसी की शांति में ही निहित है अपनी भी शांति



तनवीर जाफ़री

हमें केवल पाकिस्तान व नेपाल ही नहीं बल्कि श्री लंका में भी पिछले दिनों हुई उथल पुथल व उनके कारणों को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिये। भारतीय नेतृत्व के समक्ष इन परिस्थितियों में सभी पड़ोसी देशों से सामंजस्य बनाये रखना बेशक एक बड़ी चुनौती है। दुनिया के सभी देशों को यह स्वीकार करना चाहिये कि आख़िर पड़ोसी की कमज़ोरी,उसकी निर्भरता तथा वहाँ की राजनैतिक अथवा आर्थिक अशांति में नहीं बल्कि पड़ोसी की शांति में ही अपनी भी शांति निहित है ?



जिन ब्रिटिश शासकों से के विरुद्ध संयुक्त भारत के सभी लोगों ने मिलकर पराधीन भारत को स्वाधीनता दिलाई थी,1947 में हुये दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के बाद उसी भारत से पाकिस्तान नामक एक नये राष्ट्र का उदय हुआ। इस्लामी राष्ट्र बनाने से लेकर विश्व इस्लामी जगत में अपना प्रभुत्व स्थापित करने जैसे हवा-हवाई इरादों के परिणामस्वरूप पाकिस्तान का गठन हो गया। और अंग्रेज़ों ने भारत छोड़ते छोड़ते भारत को विभाजित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये हमारी शक्ति को कम किया। दरअसल वैश्विक राजनीति में किसी राष्ट्र को कमज़ोर करना,उसकी आंतरिक फूट का लाभ उठाना,उसे क़र्ज़ व आर्थिक सहायता जैसे उपकारों से दबाकर रखना,उसे उसी के पड़ोसी के साथ उलझाने यहाँ तक कि संभव हो तो लड़ाने की साज़िश करना आदि राजनायिक भाषा में एक सफल कूटनीति समझी जाती है। उसी का अनुसरण करते हुये अंग्रेज़ों ने हिन्दू-मुस्लिम राजनैतिक विवाद को हवा देते हुये भारत विभाजन के लिये खेला। कमोबेश वैसी ही राजनीति 1971 में बंगाली मुसलमानों के हक़ की आवाज़ उठाने के नाम पर भारत द्वारा की गयी। पाकिस्तान के विभाजन के लिये भारत ने पूर्वी पाकिस्तान का तब तक साथ दिया जब तक नव राष्ट्र के रूप में बांग्लादेश अस्तित्व में नहीं आ गया। इसी दौर में बंग्लादेश से असीमित संख्या में बंग्लादेशियों ने भारत की ओर शरणार्थी के रूप में कूच किया। भारत पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा। और आजतक वही शरणार्थी बांग्लादेशी मुसलमान के नाम से विशेष राजनैतिक विचारधारा के लोगों के लिये राजनीति करने का कारक बने हुये हैं। बांग्लादेश के गठन के बाद ख़ासकर भारत-पाक-मुक्ति मोर्चा संघर्ष के दौरान हुये विश्व के सबसे बड़े आत्म समर्पण के बाद वही पाकिस्तान और विशेषकर वहां के शासक व सेना भारत को अपने सबसे बड़े दुश्मन की नज़र से ज़रूर देखने लगे। नतीजा सामने है,कश्मीर को विवादित करने के अंतराष्ट्रीय प्रयासों से लेकर भारत में आतंक फैलाने तक, ड्रग्स व हथियारों से लेकर नक़ली करेंसी भारत भेजने तक और हनी ट्रैप में लोगों को फंसाने जैसे हथकंडे तक पाकिस्तान भारत के विरुद्ध आज़माता रहता है। और अब विगत तीन दशकों से उसी पाकिस्तान की व्यवसायिक प्रगाढ़ता चीन से बढ़ती जा रही है। यहां तक कि भारत विरोध की आग में तपता पाकिस्तान,चीन के शिकंजे में बुरी तरह उलझता जा रहा है।

उधर भारत का दूसरा घनिष्ठ पड़ोसी देश नेपाल है। राजशाही समाप्त होने के बाद यहाँ की लोकतांत्रिक राजनीति में भी उथल पुथल मची रहती है। जिस नेपाल के करोड़ों लोग भारत में रोज़गार पाते हैं,जहाँ के लोग भारतीय सेना सहित भारत की ही अनेक सरकारी व ग़ैर सरकारी नौकरियों में भी सेवा करने का अवसर पाते हों वही नेपाल कभी कभी भारत को भी आँखें दिखाने लगता है। क़रीबी पड़ोसियों के रूप में भारत और नेपाल के अद्वितीय सम्बन्ध हैं, जिसमें व्यवसाय,खुली सीमायें, जनता के बीच रिश्ते नाते,व साहित्य व संस्कृति के गहरे सम्बन्ध भी हैं । परन्तु यहां यह जानना भी ज़रूरी है कि इन संबंधों के बावजूद भी नेपाल की पीठ पर भी चीन का हाथ है जो अपने भारत विरोधी दूरगामी राजनैतिक मक़सद के तहत पकिस्तान की ही तरह नेपाल को भी अपने चंगुल में फंसाना चाहता है। गत वर्ष नवंबर में नेपाल हुये संसदीय चुनाव के समय यह आशंका भी जताई गयी थी कि चीन,नेपाल में पाकिस्तान की खुफ़िया एजेंसी के साथ मिलकर भारत विरोधी साज़िशें रच सकता है। ख़बरों के मुताबिक़ इसके लिए चीनी सुरक्षा एजेंसी मिनिस्ट्री आफ़ स्टेट सिक्योरिटी ने पाकिस्तानी ख़ुफ़िया एजेंसी इंटर सर्विसेज़ इंटेलिजेंस (द्धस्द्ध) के साथ काम भी शुरू कर दिया था। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की इस रिपोर्ट पर 18 अगस्त 22 को दिल्ली में हुए राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन 2022 में चर्चा भी हुई थी । इसे लेकर गृह मंत्रालय ने नेपाल से सटे उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल व सिक्किम को भी सचेत किया था। उसी दौरान चीन के तीसरे सबसे बड़े नेता ली झांशु ने काठमांडू का दौरा किया था । हालांकि नेपाल के लोग पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध चीन के साथ मिलकर रची जा रही साज़िश से बाख़बर ज़रूर हैं परन्तु इसके बावजूद चीन,पाकिस्तान के सहयोग से नेपाल के माध्यम से भारत में अस्थिरता फैलाने का षड़यंत्र पूरी ताक़त के साथ रच रहा है। राजनैतिक विश्लेषकों के अनुसार भारत और नेपाल के रिश्तों में 2015 से ही तब कड़ुवाहट शुरू हो गई थी जब भारत ने नेपाली आपूर्ति के विरुद्ध ब्लॉकेड किया था। इस ब्लॉकेड का पूरा फ़ायदा चीन ने नेपाल के प्रति हमदर्दी जताते हुये उठाया था ।

इसी तरह भारत चीन के विवादों का कारण भारत चीन सीमावर्ती अनेक इलाक़े तो हैं ही परन्तु चीन को भारत से सबसे अधिक तकलीफ़ तिब्बत की स्वायत्ता के मुद्दे पर तिब्बत का साथ देना भी है।

चीन अपने आर्थिक संसाधनों और कूटनीति की मदद से दक्षिण एशिया में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है। उस की नेपाल पर कुदृष्टि का भी ऐतिहासिक सन्दर्भ है। चीन के प्रथम कम्युनिस्ट नेता व संस्थापक माओत्से तुंग ने एक बार सार्वजनिक रूप से यह कहा था कि -तिब्बत हमारी हथेली और लद्दाख़ ,नेपाल, भूटान, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश यह पाँच उंगलियां हैं। हथेली तो हमने ले ली है और अब पाँच उंगलियों को भी आज़ाद कराना है । परन्तु चूंकि आज के दौर में परोक्ष रूप से सैन्य शक्ति का प्रयोग कर क्षेत्रीय विस्तार करना बेहद कठिन है इसलिए चीन इन इलाक़ों को विवादित बनाना तथा यहां अपना प्रभाव बढ़ाकर भविष्य का अपना राजनैतिक व भौगोलिक विस्तार का इरादा ज़रूर साफ़ करना चाहता है। दूसरी तरफ़ इसी के साथ साथ नेपाल में एक नये राष्ट्रवाद का स्वर बुलंद हो रहा है जिसका एक बड़ा हिस्सा भारत विरोधी है। इन सबके बावजूद वर्तमान भारतीय सत्ता की प्राथमिकता नेपाल का विश्वास जीतने,उसे चीन व पकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के कुचक्र से दूर रखने से अधिक इस बात में रहती है कि किसी तरह नेपाल पुनः हिन्दू राष्ट्र बन जाये। गत वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जितनी भी नेपाल यात्रायें हुयी हैं उनमें उनके तेवर,लिबास,भाव भंगिमा,अंदाज़ आदि को देखकर इस बात का अंदाज़ा भी बख़ूबी लगाया जा सकता है। नेपाल व भारत के लोगों के लिये यह एक भावनात्मक स्टैंड तो हो सकता है परन्तु इससे नेपाल के लोगों का दिल जीतने तथा उससे रिश्ते सुदृढ़ करने या फिर उसे चीन व पकिस्तान से दूर ले जाने में शायद ही कोई मदद मिले।

अब नेपाल में पोखरा स्थित शालिग्रामी नदी या काली गंडकी से अहिल्या रूपी पत्थर की 6 करोड़ वर्ष प्राचीन बताई जा रही दो विशाल शिलाएं नेपाल से चल कर अयोध्या पहुंचे चुकी हैं। बताया जा रहा है कि संभवतः इन्हीं शिलाओं से बनी मूर्तियां या तो गर्भगृह में रखी जाएंगी अन्यथा राम मंदिर परिसर में कहीं और स्थापित होंगी ? इसके अतिरिक्त अयोध्या जनकपुर( नेपाल ) के मध्य राम जानकी मार्ग नामक एक विशेष मार्ग भी प्रस्तावित है। रेल व वायु मार्ग से भी दोनों देशों के बीच धार्मिक पर्यटन को विकसित किये जाने के प्रस्ताव हैं। परन्तु यह सभी उपाय उस समय धरे के धरे रह जाते हैं जब जनता अपने देश तथा वहाँ के विकास से अधिक अपने देश के अन्य निजी मामलों में दूसरे देशों का दख़ल महसूस करने लगती है। हमें केवल पाकिस्तान व नेपाल ही नहीं बल्कि श्री लंका में भी पिछले दिनों हुई उथल पुथल व उनके कारणों को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिये। भारतीय नेतृत्व के समक्ष इन परिस्थितियों में सभी पड़ोसी देशों से सामंजस्य बनाये रखना बेशक एक बड़ी चुनौती है। दुनिया के सभी देशों को यह स्वीकार करना चाहिये कि आख़िर पड़ोसी की कमज़ोरी,उसकी निर्भरता तथा वहाँ की राजनैतिक अथवा आर्थिक अशांति में नहीं बल्कि पड़ोसी की शांति में ही अपनी भी शांति निहित है ?

## विचार-मंथन

# अपने ही बुने मकड़जाल में फंसती जा रही है भाजपा



सनत जैन



संसद के बजट सत्र का दूसरा सत्र शुरू हो गया है। लेकिन एक दिन भी संसद की कार्यवाही मे कोई काम नहीं हो पाया। सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग पर संसद में हंगामा बरपा रखा है। वहीं विपक्ष ने भी हिंडन बर्ग की रिपोर्ट के आधार पर अडानी समूह की गड़बड़ियों की जांच को मुद्दा बनाकर संसद मैं हंगामा कर संसद के दोनों सदनों को अखाड़े के रूप में तब्दील कर दिया है। लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति अब सदन के अध्यक्ष हों, ऐसा लगता नहीं है। वह सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हुए नजर आते हैं। दोनों सदनों के अध्यक्ष और सभापति का विपक्ष के ऊपर कोई प्रभाव नहीं दिखता है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति संसद मे दंड प्रक्रिया के तहत विपक्ष को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे विपक्ष अब पूरी तरह से आक्रमक होकर आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में आ गया है। जिसके कारण एक बार फिर 1975 जैसी स्थितियां देश में निर्मित होने लगी हैं। राज्यसभा में सरकार के 26 विधेयक और लोकसभा में 9 विधेयक लंबित हैं। सरकारी कामकाज भी नहीं हो पा रहा है। सदन को चलाने मे सत्ता पक्ष में भी कोई प्राथमिकता नहीं दिखती है। सत्तापक्ष भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष की तरह नारेबाजी और अपनी जिद में अड़ा हुआ है। जिसको लेकर स्थितियां और भी खराब होती जा रही हैं। राहुल गांधी के ब्रिटेन दौरे पर उन्होंने जो बातें कही हैं। उसको लेकर विपक्ष ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के व्यक्तत्व का उदाहरण देते हुए, स्पष्ट कर दिया है, कि जो बातें राहुल गांधी ने कहीं हैं। उसके पहले जब वर्तमान सत्ता पक्ष विपक्ष में था। तब विदेश में जाकर इस तरह की बातें करते थे। इसे कभी भी देश के सम्मान या राष्ट्रद्रोह से नहीं जोड़ा गया। प्रमाणिक तौर पर अरुण जेटली के कथन का उदाहरण प्रस्तुत किए जाने के बाद भी सत्ता पक्ष मानने के लिए तैयार नहीं है। वह राहुल गांधी से सदन में माफी मंगवाने पर अड़ा हुआ है। इसी तरह विपक्ष भी हिंडन बर्ग की रिपोर्ट के बाद अडानी के खिलाफ जेपीसी की मांग पर अड़ा हुआ है। ईडी द्वारा विपक्षी नेताओं के परिवारों पर निरंतर जो छापे जेपीसी की मांग के बाद डाले गए हैं। उसने भी विपक्ष को एहसास करा दिया है, कि सरकार अडानी मामले की जांच नहीं कराने, तथा विपक्षी नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है। विपक्ष के नेता भी अपने बचाव के लिए अब हर स्तर पर निपटने के लिए तैयार हो गए हैं। विपक्षी दलों ने सरकार के इस कथन पर कि ईडी स्वतंत्र तरीके से काम करती है। इसको लेकर अब केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय को भी सीधे निशाने पर ले लिया है। विपक्षी सांसद एकजुट होकर केंद्रीय पर्यटन निदेशालय के पास शिकायतों का प्रमाणिक दस्तावेज लेकर पहुंचे। ईडी कार्यालय में जाने से पुलिस ने रोक दिया। धारा 144 लगा दी। विपक्ष की रणनीति में अब ईडी और सीबीआई को घेरने की तैयारी कर ली है। सारा विपक्ष एकजुट है। जिसके कारण सरकार के साथ-साथ अब स्वतंत्र जांच एजेंसियाँ भी विपक्ष के निशाने पर आ गई हैं। देश में पहली बार सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही अपने अस्तित्व की लड़ाई संसद के अंदर और संसद के बाहर लड़ने के लिए विवश हो गए हैं। सांसद एक अखाड़े के रूप में तब्दील हो गई है। संसद के अंदर सत्ता पक्ष या विपक्ष अपने प्रतिद्वंदी को हराने के लिए हर दांव आजमा लेना चाहता है। अब देखना यह है कि इसमें जीत किसकी होती है। निश्चित रूप से सत्तापक्ष ताकतवर होता है। लेकिन जिस तरह दांव पेंच विपक्ष आजमा रहा है। उससे सत्ता पक्ष स्वयं अपने ही दांव पेंच में फँसता हुआ नजर आ रहा है। एक बार फिर देश में 1975 जैसी स्थितियां निर्मित हो गई हैं। जहां आपातकाल के जरिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने आपको बचाने का प्रयत्न किया था। उस समय भी सारा विपक्ष एकजुट होकर इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए संकल्पित था। इस बार अडानी के खिलाफ जेपीसी की मांग और ईडी की कार्रवाई को लेकर विपक्ष एकजुट और आक्रमक होकर, अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ता हुआ दिख रहा है। इस स्थिति को देखते हुए सारा देश चिंतित है।

## आलेख

# नेमप्लेट से क्यों दूर है अबतक आधी दुनिया

आर.के. सिन्हा

पिछली आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिलाओं को घर और घर से बाहर, उनके जायज हक देने को लेकर तमाम वादे किए गए और अनेक बातें भी हुईं। यह तो हर साल ही इस तारीख को होता है। इसमें कुछ भी नया नहीं है। यह सब आगे भी होता ही रहेगा। पर अफसोस कि घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए अबतक कोई जगह नहीं है। हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर ही मेहनत करते हैं और फिर होम लोन भी मिलकर ही लेने लगे हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। यह बात अपने आप में सौ फीसद सही भी है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह किसी न किसी मातृशक्ति का रोल रहता है। पर, उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में थोड़ी सी जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग अबतक बहुत कम ही लोग हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा।

कोई माने या ना माने, पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। मुझे हाल ही में एक अध्ययन के निष्कर्ष मिले। इसमें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में आधी दुनिया की स्थिति का गहराई से अध्ययन किया गया था। इस रोचक अध्ययन के दौरान राजधानी दिल्ली के राजौरी गार्डन, विवेक विहार, आई.पी.एक्सटेंशन और न्यू राजेन्द्र नगर के 160 घरों और फ्लैटों के बाहर लगी नेम प्लेट को देखा गया। इस अभियान के दौरान कई चौंकाने वाले, तो कुछ नए तथ्य सामने आए। इन सभी कालोनियों में खाते-पीते और पढ़े-लिखे लोग रहते हैं। इन 160 घरों में सिर्फ 23 घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में महिलाओं के नाम मिले। इनमें भी 11 नेमप्लेट में महिलाओं के नाम घर के पुरुष सदस्यों के नामों के साथ थे। इन्हीं 11 में से पांच महिलाओं के नामों के आगे डॉ. लिखा था। यानी कि वह मेडिकल पेशे से संबंध रखती हैं। हो सकता है कि किसी ने अन्य विषय में पीएचडी की डिग्री ली हो। तो माना जाए कि जिन लोगों ने अपने घर की महिला सदस्यों के नाम डॉक्टर न होने के बावजूद नेमप्लेट में रखे, वे वास्तव में अलग तरह के लोग हैं।

ये आदरणीय हैं। इसके साथ ही वकालत के पेशे से जुड़ी महिलाओं के नाम भी नेमेप्लेट में जगह पा जाते हैं। आप मुंबई, पटना, रांची, चंडीगढ़ या देश के किसी भी छोटे-बड़े शहर में चले जाइये। वहां के किसी आवासीय इलाके में घूमिए। आपको कमोबेश वही स्थिति मिलेगी जो दिल्ली में है। सब जगह आधी दुनिया अन्याय का शिकार हो रही है। उन्हें घर के भीतर न्याय मिलने का फिलहाल तो इंतजार है। मालूम नहीं कि उन्हें कब उनका जायज हक मिलेगा। यह सोचने वाला मसला है। मैंने हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं देखा। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। यह भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं। जो समाज नारी को देवी के रूप में पूज्यनीय मानता है वहां पर औरतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट तक से दूर रखा जाता है।

यह एक शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। यह कोई बहुत पुरानी बात नहीं है जब हमारे यहां प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों, बेटियों, बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रख कर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉरपोरेट जगत में हरेक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं। बहरहाल, जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं आंत्रप्यूनर बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोतरी होती रहेगी।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि महिला दिवस पर आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। पर अब ये सब रस्म अदायगी ही लगने लगा है। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते है? बुरा न मानें, आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे, जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कानूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी। जबकि संयुक्त हिंदू परिवार होने की स्थिति में बेटी को जीविका की मांग करने का अधिकार दिया गया था। बाद में 09 सितंबर 2005 को इस कानून में संशोधन लाकर पिता की संपत्ति में बेटी को भी बेटे के बराबर अधिकार दिया गया।

आधी आबादी घर और घर के बाहर कदम-कदम पर अन्याय का शिकार होती रहती हैं । यह सब जानते हैं। अपने हिस्से का आसमान छूने वाली बेटी को अपने ही माता-पिता के घर में सही से न्याय नहीं मिल पाता। इसमें कोई दोराय नहीं हैं कि आज के दौर में कार्यशील महिलाओं का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। वे स्वावलंबी हो रही हैं। पर, अभी आधी दुनिया के हक में लंबी लड़ाई लड़नी है। उन्हें उनका हक देना होगा देश और समाज को। वास्तव में वह समाज कितना बर्बर होता है जो लिंग, धर्म, जाति के आधार पर भेदभाव करता है।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक मनोज कुमार कश्यप ने यूरेशिया प्रिंटिंग प्रेस 270 फूल बाग कॉलोनी सूरज कुंड रोड मेरठ से छपवाकर, 277 नारंगपुर, थाना परीक्षितगढ, जिला मेरठ से प्रकाशित किया (संपादक मनोज कुमार) किसी भी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र मेरठ होगा

# 11 साल बाद वानखेड़े में वनडे जीता भारत

## ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया; राहुल की फिफ्टी, जडेजा के साथ जोड़े 104 रन

**मुंबई।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में 5 विकेट से हराया। टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 11 साल बाद वनडे में जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी कंगारू टीम 35.4 ओवर में 188 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में टीम इंडिया ने 39.5 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। इस जीत में केएल राहुल की 13वीं फिफ्टी और




जडेजा के साथ 104 रनों की नाबाद शतकीय साझेदारी ने अहम योगदान दिया।

### टॉप ऑर्डर नहीं चला, मिडिल ऑर्डर ने संभाली जिम्मेदारी...

189 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम का टॉप ऑर्डर कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सका। एक समय टीम ने 39 रन पर तीन विकेट गंवाए दिए थे। यहां इशान किशन 3, विराट कोहली 4 और सूर्यकुमार यादव 0 रन पर आउट हुए। ऐसे में मिडिल ऑर्डर पर खेलने आए केएल राहुल (नाबाद 75 रन), कप्तान हार्दिक पंड्या (25 रन) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 45 रन) ने टीम की नैया पार लगाई। राहुल ने पहले पंड्या के साथ 55 बॉल पर 44 रन जोड़े। फिर जडेजा के साथ 122 बॉल पर 104* रनों की साझेदारी कर बचा हुआ काम पूरा किया।

### पंड्या-राहुल की उपयोगी साझेदारी

39 पर चार विकेट गंवाने के बाद कप्तान हार्दिक पंड्या और केएल राहुल ने 55 गेंद पर 44 रन की अहम साझेदारी कर टीम इंडिया को मुश्किल परिस्थितियों से उबारा। इस साझेदारी को मार्कस स्टोइनिस ने तोड़ा, यहां पंड्या ग्रीन को कैच थमा बैठे।

### भारत का टॉप ऑर्डर फेल...

भारत का टॉप ऑर्डर फेल रहा। टीम ने शुरुआती तीन विकेट 16 रन पर गंवा दिए। टीम इंडिया को पहला झटका 5 रन पर लगा। यहां इशान किशन 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उनके बाद 16 के स्कोर पर कोहली (4 रन) आउट हुए। टीम ने 16 रन पर तीसरा विकेट भी गंवाया, जब सूर्यकुमार यादव शून्य पर आउट हुए, हालांकि ओपनर शुभमन गिन ने 20 और मिडिल ऑर्डर पर कप्तान हार्दिक पंड्या ने 25 रन बनाए।

# ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप : लक्ष्य हारे, त्रीसा-गायत्री क्वार्टरफाइनल में पहुंची




**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत के लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल मुकाबले में हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। लक्ष्य को डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ 52 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं भारत के ही सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग ने 21-10, 17-21, 19-21 से हराया। एक अन्य मुकाबले में भारत की ही त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी जीत के साथ ही क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी है। त्रीसा और गायत्री ने जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोटा की जोड़ी को एक रोमांचक मुकाबले में 21-14, 24-22 से हराया। अब इस भारतीय जोड़ी का सामना ली वेन मेई और लियू जुआन जुआन की चीनी जोड़ी से होगा।

# पेन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लिया

**होबार्ट (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने खेल के सभी प्रारुपों को अलविदा कह दिया है। पेन ने यहां क्वींसलैंड के खिलाफ घरेलू शेफील्ड शील्ड प्रथम श्रेणी मैच के बाद संन्यास की घोषणा की। पेन ने पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। विकेटकीपर बल्लेबाज पेन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से 35 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें से उन्होंने 2021 तक 23 टेस्ट मैचों में उन्होंने कप्तानी की। दक्षिण अफ्रीका में 2018 में गेंद से छेड़छाड़ मामले के बाद स्टीव स्मिथ की जगह उन्हें कप्तान बनाया गया था।

पेन को साल 2021 में एक विवाद के बाद कप्तानी छोड़नी पड़ी थी। उनपर एक पूर्व कर्मचारी को आपत्तिजनक संदेश भेजने के आरोप थे। पेन ने साल 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड में पहला टेस्ट खेला था। उनके नाम टेस्ट मैचों में 32.63 की औसत से रन बनाए और उनका उच्चतम स्कोर 92 रन रहा। इसके अलावा विकेटकीपर के रूप में उनके नाम 157 कैच और स्टंप हैं। उन्होंने




आस्ट्रेलिया की ओर से 35 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं।

पेन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 82 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। जिसमें 35 टेस्ट, 35 एकदिवसीय और 12 टी20 शामिल हैं। इन 82 मैचों में उन्होंने 2400 से ज्यादा रन बनाए हैं जिसमें 1534 रन टेस्ट में, 890 रन एकदिवसीय और 82 रन टी20 क्रिकेट करियर में बनाए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पेन के नाम केवल 1 शतक और 14 अर्धशतक हैं।

# भारत और आयरलैंड के बीच खेले जाएंगे तीन टी20 मुकाबले, वनडे विश्व कप से पहले सामने आई सीरीज की डिटेल्स

**डबलिन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए इस साल अगस्त में आयरलैंड का दौरा करेगी। यह जानकारी क्रिकेट आयरलैंड ने शुक्रवार को दी। क्रिकेट आयरलैंड ने कहा, ''आयरलैंड के क्रिकेट प्रशंसक दुनिया की नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम भारत को देखने का लुत्फ उठा सकेंगे, जब एशिया के शीर्ष खिलाड़ी इस अगस्त में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए मालाहाइड लौटेंगे।''

भारतीय टी20 टीम के नये कप्तान हार्दिक पंड्या ने पिछले साल इसी स्थान पर दो मैचों की श्रृंखला के दौरान टीम का नेतृत्व किया था। भारत को अपनी घरेलू सरजमीं पर इस साल एकदिवसीय विश्व कप खेलना है ऐसे में यह देखना होगा कि क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) हार्दिक को एक ऐसी श्रृंखला में खेलने का जोखिम उठाएगा जिसका विश्व कप की तैयारी के मामले में कोई खास महत्व नहीं होगा। यह श्रृंखला हालांकि आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड के लिए काफी मायने रखती है क्योंकि इसके प्रसारण राजस्व से उनकी वित्तीय स्थिति बेहतर होगी।




इस श्रृंखला का आयोजन 18 से 23 अगस्त तक होगा। क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वॉरेन डेयूट्रोम ने कहा, ''पुरुष क्रिकेट के मामले में गर्मी का 2023 सत्र किसी जश्न की तरह होगा। प्रशंसकों के लिए यह बहुत खास होगा। हम आज पुष्टि कर सकते हैं कि भारत लगातार दूसरे साल आयरलैंड का दौरा करेगा। हमारी टीम इससे पहले मई में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप सुपर लीग के तहत खेले जाने वाली एकदिवसीय श्रृंखला में भाग लेगी।'' उन्होंने ने कहा, ''हम पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि हम जून में लॉर्ड्स में टेस्ट मैच और फिर सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे।

# रिकॉर्ड : 10 लाख प्रशंसकों ने जताई अर्जेंटीना का मैच देखने की इच्छा, किया आवेदन

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना का विश्व चैंपियन बनने के बाद स्वदेश में पहला मैत्री मैच देखने के लिए 10 लाख से अधिक प्रशंसक ऑनलाइन टिकट खरीदने के लिए उमड़ पड़े। लियोनेल मेसी की टीम 23 मार्च को पनामा के खिलाफ ब्यूनस




आयर्स के मोनुमेंटल डे नुनेज स्टेडियम में मैत्री मैच खेलेगी। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने इस मैच के लिए 63000 टिकट बिक्री के लिए रखे थे जिनकी कीमत 57 अमेरिकी डॉलर से 240 अमेरिकी डॉलर रखी गई थी। टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू होने के कुछ समय बाद ही मैच के सभी टिकट बिक गए। टिकटों की कीमतों ने आर्थिक संकट से जूझ रहे दक्षिण अमेरिका के इस देश में चर्चा शुरू हो गई है लेकिन इसके बावजूद सभी टिकट केवल दो घंटे में बिक गए। अर्जेंटीना 28 मार्च को सैंटियागो डेल एस्टेरो प्रांत में कुराकाओ के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगा। उस मैच के टिकट अभी उपलब्ध नहीं हैं।

# अय्यर के नहीं होने से विश्वकप की तैयारियां प्रभावित होंगी: पांड्या

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा है कि बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति से भारत के विश्वकप की तैयारियां प्रभावित होंगी। अय्यर पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गये हैं। अभी वह कब तक मैदान में वापसी करेंगे। ये अभी तय नहीं हुआ है। अय्यर इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल के शुरुआती मैचों से भी बाहर हो गये हैं।

पांड्या ने कहा, ''निश्चित तौर पर श्रेयस की वापसी की कोई समय सीमा तय नहीं है पर हम अच्छे की उम्मीद कर रहे हैं। हम उनके जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा, ''उनके टीम में नहीं रहने का प्रभाव पड़ेगा और हमें उनकी कमी खलेगी। वहीं अगर वह जल्दी वापसी नहीं कर पाते हैं तो हमें कोई अन्य विकल्प तलाशना होगा। अगर वह टीम में आते हैं यह खुश की बात है पर अगर ऐसा नहीं होता है तो हमें अभी से इस बात पर विचार करना होगा कि किस प्रकार आगे जाना। विश्वकप से ठीक पहले भारतीय टीम में खिलाड़ियों की फिटनेस प्रभावित हो रही है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी पीठ की सर्जरी के कारण बाहर हैं। अब देखना है कि वह विश्वकप तक वापसी कर पाते हैं या नहीं। पांड्या ने कहा,'' ऐसी कोई दीर्घकालिक योजना नहीं है। बुमराह पिछले कुछ समय से टीम के साथ नहीं है। उनके बाहर होने के बाद भी हमारे अन्य गेंदबाजों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

# डब्ल्यूपीएल2023 में छाई एलिस पेरी, पहले सबसे तेज गेंद फेंक रचा इतिहास, फिर अपने इस कदम से जीता सबका दिल




मुम्बई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का उद्घाटन संस्करण में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के लिए काफी निराशाजनक रहा है। मगर टीम की खिलाड़ी एलिस पेरी ने धमाल मचाया हुआ है। भले ही उनकी टीम कोई मुकाबला ना जीती हो, मगर उनके मैदान और मैदान के बाहर उनके प्रदर्शन ने फैंस का दिल जरूर जीत लिया है।

### फेंकी सबसे तेज गेंद

ऑलराउंडर एलिस पेरी ने यूपी वॉरियर्स के खिलाफ मुकाबले में टूर्नामेंट की सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड कायम कर लिया है। यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बैंगलोर की धुआंधार खिलाड़ी ने 130.5kmph की रफ्तार से गेंद फेंकी है। ये महिला क्रिकेट के इतिहास की सबसे तेज गेंद थी। इस गेंद के साथ ही उन्होंने अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड शबनिम इस्माइल के नाम था, जो साउथ अफ्रीका की स्टार गेंदबाज है।

# कॉनवे के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने बनाये दो विकेट पर 155 रन

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के अर्धशतक की सहायता से श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 155 रन बनाए। बारिश के कारण पहले दिन के खेल में बाधा आई और मात्र 48 ओवर ही हो पाये। इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। पारी की शुरुआत करते हुए कॉनवे ने 78 रन बनाये जबकि टॉम लैथम ने 21 रनों की पारी खेली। इन दोनो के ही बीच पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी हुई। खराब मौसम के कारण दिन का खेल समाप्त घोषित किये जाने के समय केन विलियमसन 26 और हेनरी निकोल्स 18 रनों पर खेल रहे थे। आज सुबह भारी बारिश के कारण सुबह के सत्र में खेल नहीं हो पाय। लंच के बाद ही टीमें मैदान पर उतर पायीं। श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया पर उसे उसे इसका लाभ नहीं मिला। कीवी बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की।

कॉनवे और लैथम ने अच्छी शुरुआत की। लैथम ने 21 रन बनाये पर वह बड़ी पारी नहीं खेल पाये। वहीं कॉनवे अपना आठवां अर्धशतक लगाने के बाद स्पिनर धनंजय डिसिल्वा की गेंद पर पेवेलियन लौट गये।



# महिला प्रीमियर लीग : गार्डनर के अर्धशतक से गुजरात जायंट्स ने दिल्ली कैप्टिल्स को हराया

**मुंबई (एजेंसी)।** एशले गार्डनर के ऑलराउंड प्रदर्शन नाबाद 51 रनों और दो विकेट की सहायता से महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट (डब्लयूपीएल) में हुए एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात जायंट्स ने दिल्ली कैप्टिल्स को 11 रनों से हरा दिया। इस मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 147 रन बनाये। इस प्रकार दिल्ली को जीत के लिए 148 रनों का लक्ष्य मिला। इसका पीछा दिल्ली की टीम 18.4 ओवरों में 136 रनों पर ही आउट हो गयी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात की और से लौरा वोल्वार्ड्ट ने 45 गेंदों में 6 चौके और 1 सहायता से 57 रनों की पारी खेली, जबकि एशले गार्डनर ने 33 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 51 नाबाद रनों की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले मात्र 4 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद हरलीन




देओल ने पारी को संभाला और उन्होंने 31 रन बनाये। दयालन हेमलता मात्र 1 रन पर ही पेवेलियन लौट गईं। वहीं दिल्ली की ओर से जेस जोनासेन से दो विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की ओर से मारिजैन कप्प ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाये। उनके अलावा एलिस कैप्सी ने 22, अनुधती रेड्डी ने 25 और कप्तान मैग लैनिंग ने 18 रन बनाये। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 10 रनों तक भी नहीं पहुंच पाया। गुजरात की ओर से किम गार्थ, तनुजा कनवर और एशले गार्डनर तीनों ने 2-2 विकेट लिए जबकि स्नेह राणा और हरलीन देओल को 1-1 विकेट मिला।

इस मुकाबले मे जीत से उत्साहित गुजरात की कप्तान स्नेह राणा ने कहा कि उनकी टीम को इस जीत का भरोसा था। स्नेह राणा ने कहा, मुस्कान हमेशा रहती है। हमें लगा कि इस मैदान और हालातों के हिसाब से 150 का स्कोर सही।

# इगा स्वियातेक और रायबकिना इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में



इंडियन वेल्स। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक और 10वीं वरीयता प्राप्त इलेना रायबकिना ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में सोराना क्रिस्टिया को 6-2, 6-3 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला रायबकिना से होगा जिन्होंने एक अन्य मैच में करोलिना मुचोवा को तीन सेट तक चले मैच में 7-6 (4), 2-6, 6-4 से हराया। यह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मैच की पुनरावृति होगी जब रायबकिना ने क्वार्टर फाइनल में 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की थी। रायबकिना इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कजाखस्तान की पहली महिला खिलाड़ी है।

# एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन पर हैं नजरें : अक्षदीप

चंडीगढ़। एथलीट अक्षदीप सिंह अभी चीन में होने वाले एशियाई खेलों और हंगरी में विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इन खेलों में पदक जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा और इससे अगले साल पेरिस ओलंपिक खेलों से पहले मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। पंजाब सरकार ने पिछले महीने ही अक्षदीप को 2024 ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए पांच लाख रुपये दिए थे। इस एथलीट ने भारतीय सेना में शामिल होने के लिए ही खेलों का चयन किया था। इस एथलीट ने पिछले महीने झारखंड के रांची में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय ओपन रेस पैदल चाल चैंपियनशिप के 20 किमी स्पर्धा में 23 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। अक्षदीप ने इस स्पर्धा में एक घंटा 19 मिनट और 55 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय बनाया था। उन्होंने हरियाणा के संदीप कुमार (एक घंटा 20 मिनट और 16 सेकंड) का रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने कहा, 'जब मैं 15 साल का था, तब मैंने सेना में शामिल होने के अपने सपने को पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी थी। उस समय मैं तेज दौड़ता था और सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे लोगों ने मेरी तारीफ करते हुए कहा था कि मुझे एथलेटिक्स में उतरना चाहिये। अक्षदीप के कोच ने इसके बाद उन्हें पैदल चाल का विकल्प अपनाने को कहा। अक्षदीप ने तरनतारन में आयोजित अंडर-18 उत्तर भारत चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीता। इसके बाद उन्होंने अंडर-18 जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया और रजत पदक जीता। उन्होंने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों 2017 में फिर से रजत पदक जीता। उन्होंने प्रशिक्षण शुरू करने के एक वर्ष के अंदर अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर अपने को साबित किया हालांकि इसके बाद 2019 में घुटने में चोट के कारण वह विश्व विश्वविद्यालय खेलों (इटली) में भाग नहीं ले सके।

# युवराज ने ऋषभ से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने कार हादसे से उबर रहे आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और उनका मनोबल बढ़ाया है। युवराज ने इस मुलाकात की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा कि यह चैम्पियन फिर से उभरेगा। तस्वीर में युवराज, ऋषभ के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। ऋषभ गत वर्ष दिसंबर में कार दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गये थे। इसके बाद उनके घुटने की सर्जरी हुईं थी। अभी वह अपने घर में हैं जहां उनका इलाज चल रहा है। युवराज ने ऋषभ के साथ फोटो साझा कर लिखा, बच्चों के कदमों पर। यह चैम्पियन जल्द उभरेगा। उनके साथ बातचीत करना अच्छा रहा। वह सकारात्मक और हास्यास्पद आदमी है। आपके लिए अधिक शक्ति ऋषभ। इस तस्वीर के आते ही ही सोशल मीडिया पर जमकर कमेंट्स आने लगे।

ऋषभ ने कुछ दिन पहले ही अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शतरंज खेलते हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की थी। एक छत पर टेबल पर उसके सामने शतरंज की बिसात पड़ी थी, साथ ही एक खाली कुर्सी भी थी। वह किसी के साथ शतरंज खेलते हुए दिखाई दिए पर यह स्पष्ट नहीं है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज किसके साथ खेल रहा था। उन्होंने तस्वीर के साथ लिखा, - क्या कोई अंदाजा लगा सकता है कि कौन खेल रहा है?

इससे पहले, इस क्रिकेटर ने लिगामेंट टियर से संबंधित अपनी सर्जरी पर जानकारी दी थी। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने ट्विटर पर लिखा था- मैं सभी समर्थन और शुभकामनाओं के लिए आभारी और आभारी हूं। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मेरी सर्जरी सफल रही। ठीक होने की राह शुरू हो गई है और मैं आगे की चुनौतियों के लिए तैयार हूं। बीसीसीआई और सरकारी अधिकारियों को उनके अविश्वसनीय समर्थन के लिए धन्यवाद। गौरतलब है कि यह क्रिकेटर अब तेजी से ठीक हो रहा है। प्रशंसकों को भी इस क्रिकेटर के शीघ्र मैदान पर वापसी की उम्मीद है।



# आईपीएल खेलने इंग्लैंड की नागरिकता लेंगे मो आमिर

दोहा। इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट (आईपीएल) के आकर्षण से पाकिस्तानी क्रिकेटर भी बचे नहीं रहे पाये हैं। समय-समय पर कई पाक क्रिकेटरों ने कहा है कि वे भारत की इस सबसे बड़ी क्रिकेट लीग में खेलना चाहते हैं पर राजनीति गतिरोध के कारण ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। भारत ने आईपीएल के लिए पाक क्रिकेटरों को प्रतिबंधित कर रखा है। वहीं अब आईपीएल में खेलने के लिए पाक के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर इंग्लैंड की नागरिकता लेने जा रहे हैं। पूर्व क्रिकेटरों की लेजेंड्स लीग क्रिकेट के लिए यहां आये आमिर ने कहा, मुझे अभी ब्रिटिश नागरिकता नहीं मिली है। अगले साल 2024 में नागरिकता मिलने की संभावना है। ऐसे में जब ये सब हो जाएगा तो आगे का सोचा जाएगा। अभी भविष्य को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता है।

## सुखदेवानंद महाराज विश्व हिन्दू महासंघ भारत के प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त



**हिसार।** संत महात्मा बुराइयों व निंदा से दूर रह कर हमेशा सच्चाई व भक्ति का मार्ग बताते हैं। संत का जीवन सादा, सरल और आकर्षक होता है, इसलिए सच्चे संत का सानिध्य बहुत सुखदाई होता है। यह बात श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सत्यानंद गिरी महाराज (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ भारत) ने गुरूवार को निकटवर्ती ग्राम हिंदवान में स्थित सवार्थ अखाड़ा व गौशाला में आयोजित संत समागम में उपस्थित गांववासियों व श्रद्धालुओं के बीच कही। उन्होंने कहा कि एक संत हमेशा खुशमिजाज होता है। उसके लिए जीवन आनंद है। इसके अलावा विश्व हिंदू महासंघ भारत के अनेकों संत महात्माओं ने धर्म का प्रचार किया। जबकि संत समागम की अध्यक्षता श्री श्री 1008 विभूषित महामंडलेश्वर विनोदानंद महाराज ने की। इस अवसर पर सेवार्थ अखाड़ा के गद्दीनशीन एवं महंत सुखदेवानंद महाराज को विश्व हिंदू महासंघ भारत का प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया व सभी संत महात्माओं ने उन्हें धर्म के प्रचार की शपथ दिलवाई। इस मौके पर नवनियुक्त प्रांतीय उपाध्यक्ष स्वामी सुखदेवानंद महाराज ने आए सभी संत महात्माओं को विश्वास दिलवाया कि मैं धर्म के प्रचार में कभी पीछे नहीं हटूंगा। कार्यक्रम में मुख्य मेहमान के तौर पर अनेक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी हरीश सोनी व उनके साथी दीपक लोहान, सरपंच देवेंद्र सिंह (देवा) आदि मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महंत सुखदेवानंद महाराज ने इस आश्रम में बेसहारा गायों के लिए गौशाला बनाई हुई है व उनकी मुहिम 'मेरी बेसहारा गाय घर की ओर' बहुत ही सराहनीय है। इस मौके पर साध्वी कमलानंद महाराज, सत्यानंद गिरी महाराज, शिवानंद महाराज, राजकुमार ना, स्वामी सदानंद महाराज, स्वामी सुरेंद्र पुरी महाराज के अलावा काफी संत महात्माओं के अलावा गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पति ने बैंक मैनेजर से मिलकर पत्नी के साथ किया फर्जीवाड़ा

**हिसार।** शहर के सेक्टर 13 निवासी महिला ने अपने पति पर बैंक मैनेजर से मिलकर उसके फर्जी हस्ताक्षर कर धोखे से बैंक की लिमिट बढ़ाने की शिकायत पुलिस को दी है। महिला की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन आरंभ कर दी है। महिला सुमन रानी ने बताया कि वह सेक्टर 13 की रहने वाली है। उसने व उसके पति ने पीएनबी बैंक शाखा सातरोड से प्लाट पर लोन करवाया था। उसके पति दिनेश उर्फ श्री भगवान की पढ़ाई व दुकान खरीदने के लिए मकान पर 18 लाख की लिमिट बनाई थी। इसके बाद मैनेजर अमित ने उसके अकाउंट से छेड़छाड़ करके लिमिट 18 से 25 लाख कर दी। मैनेजर अमित ने दिनेश के साथ मिलकर दो अक्टूबर 2022 को अकाउंट बनाया था। उस पर उसकी मर्जी व जानकारी बिना नकली हस्ताक्षर करके लोन बढ़ा दिया गया। महिला को इसकी जानकारी भी करीब छह महीने बाद मिली। सुमन रानी ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में दी। इसके बाद पांच अप्रैल 2022 को एसपी ऑफिस में गई। इकोनॉमिक सेल, एसपी कार्यालय में एक साल जांच चलाने के बाद भी इसे परिवार का मामला दिखाकर दबा दिया गया। आरोप है कि पुलिस ने बैंक मैनेजर को पूछताछ के लिए नहीं बुलाया। बैंक वाले उसे घर से निकालकर उसके मकान पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। इस पर उसने पति दिनेश व बैंक मैनेजर अमित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। अभी किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

## हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने रतिया के ऐतिहासिक गुरुद्वारे का प्रबंधन संभाला

**फतेहाबाद।** सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद गुरुवार को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व अध्यक्ष बलजीत सिंह दादूवाल और संत गुरमीत सिंह की अगुवाई में रतिया के पुराना बाजार स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब का प्रबंध संभाल लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल गुरुद्वारा साहब के आसपास तैनात रहा। एसडीएम जगदीश चंद्र, उप पुलिस अधीक्षक शुक्रपाल सिंह, नायब तहसीलदार परमजीत सिंह ड्यूटी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। हरियाणा कमेटी ने गुरुद्वारा साहब की देखभाल के लिए बलदेव सिंह, सुख सागर सिंह व मलक सिंह के नेतृत्व में 3 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जो कि आगामी आदेशों तक गुरुद्वारे की संभाल करेगी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि हरियाणा कमेटी का उदय 2014 से पूर्व भी हो गया था और उस समय हरियाणा कमेटी द्वारा चार गुरुद्वारों का प्रबंधन अपने हाथ में लिया गया था जबकि हरियाणा के 52 ऐतिहासिक गुरुद्वारों के प्रबंधन को लेकर कोर्ट में केस चल रहा था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा कमेटी के हक में फैसला दिया गया है, जिसके बाद कुरुक्षेत्र और अन्य जिलों में गुरुद्वारों का प्रबंधन अपने हाथों में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा कमेटी द्वारा गुरुद्वारा में कार्यरत किसी भी कर्मचारी को नहीं हटाया जाएगा और आगामी संचालन के लिए 3 सदस्य कमेटी का गठन किया गया है जिसमें बलदेव सिंह, सुख सागर सिंह व मलक सिंह कंग को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

**लोकल कमेटी के सदस्यों ने मर्यादा भंग करने का लगाया आरोप**

लोकल गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान व अन्य सदस्यों ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पर धक्केशाही करने और मर्यादा भंग करने का आरोप भी लगाया। लोकल कमेटी के प्रधान व सदस्य ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि कमेटी द्वारा चार्ज लेने के बजाय अपने स्तर पर ही ताले तोड़कर कब्जा किया गया और गुल्लक के ताले तोड़ते समय भी कटर का प्रयोग किया गया, जिससे रुमाला साहिब पर आग के छींटे पड़ने से मर्यादा भंग हुई है।

## राई ब्लॉक समिति की अध्यक्ष सीमा व उपाध्यक्ष परमजीत शपथ दिलाई



**सोनीपत।** एसडीएम राकेश संधू ने गुरुवार को अपने कार्यालय में राई ब्लॉक स्मिति की नवनियुक्त अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, जिसमें राई ब्लॉक समिति अध्यक्ष पद के लिए सीमा व उपाध्यक्ष पद पर परमजीत ने अपने पद की शपथ ली और विधिवत रूप से उन्हें कार्यभार सौंपा गया। जिला परिषद् की चेयरपर्सन मोनिका दहिया व वाई चेयरपर्सन कल्पना भी मौजूद रही। एसडीएम राकेश संधू ने नवनियुक्त अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को कहा कि ब्लॉक समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य अपने पद की गरिमा में रहकर पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ लोगों के विकास के लिए कार्य करें, जिसके लिए प्रशासन द्वारा उन्हें पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा सभी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार विकास कार्यों और जनहित के कल्याणकारी कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन समयबद्ध पूरा करवाना सुनिश्चित करवाएं। इस अवसर पर मुरथल ब्लॉक समिति की अध्यक्ष आशा रानी, खरखौदा ब्लॉक समिति के पूर्व अध्यक्ष राजबीर झरोठ सहित अनेक राई ब्लॉक समिति के नव-निर्वाचित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# पांच महीने के बकाया मानदेय की मांग को लेकर मिड डे मील कर्मियों ने किया प्रदर्शन



**कैथल।** गुरुवार को स्कूलों में काम करने वाली महिला मिड डे मील वर्करों ने गुरुवार को पांच महीने के बकाया मानदेय की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उप जिला शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन भी दिया। सुबह जिला भर की महिला मिड डे वर्कर रितु क्योड़क की अगुवाई में जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर एकत्र हुई। प्रदर्शन के दौरान वर्करों ने सरकार के खिलाफ और मानदेय के हक में नारे लगाए। मिड डे मील वर्कर यूनियन के राज्य नेता सत्यवान व सचिव धूप सिंह खरका ने बताया कि स्कूलों में वर्कर 15-20 वर्षों से कम कर रही हैं। लंबी संघाषों के बाद मानदेय 7 हजार रुपए मासिक हुआ है। वह भी साल में केवल 10 महीने का दिया जाता है। वर्दी की राशि भी उन्हें समय पर नहीं दी जाती। अध्यापक संघ कैथल के जिला प्रधान विजेंद्र मोर व होशियार सिंह नरवाना ने कहा कि सरकार उनकी मांग मुद्दों का समाधान करने की बजाय गांव के कई स्कूलों को एक स्कूल में मर्ज करके व कम छात्र संख्या के नाम पर स्कूलों को बंद करके उनका रोजगार छीनकर उन्हें बेरोजगार करने की योजना बना रही है। 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को स्कूलों में दाखिल न करके बच्चों के लिए शिक्षा के द्वारा बंद करने जा रही है। मजदूरों के संगठन सीटू के नेता व पूर्व अध्यापक नेता जय प्रकाश शास्त्री ने कहा कि सरकार मिड डे मील सहित स्कीम वर्करों व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें। मिड डे मील व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। वर्करों से अतिरिक्त कोई बेकार नहीं ली जाए। उन्हें 12 मांस का वेतन नियमित तौर पर दिया जाए। उनके लिए ऐसी ईपीएफ व पीएफ की व्यवस्था लागू की जाए।

### 500 नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**हिसार।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम में गुरुवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मदीना निवासी अजय कुमार से 500 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के नेतृत्व में एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चला रही थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि गाड़ी नंबर एचआर12एएफ-6262 स्विफ्ट डिजायर में नशीली दवाइयां आ रही है। इस पर एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने जग्गा बाड़ा माइनर पुल पर हांसी डाटा रोड पर चेकिंग के दौरान गाड़ी रुकवाई। पुलिस ने मौका पर ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर दिनेश राणा व राजपत्रित अधिकारी हांसी के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुधीर मलिक को बुलाकर तलाशी ली।

### मेवात पहुंची फरीदाबाद पुलिस पर हमला, मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड से ट्रैक्टर चोरी मामले के आरोपी पकड़ने के लिए मेवात के गोकुलपुर पहुंची फरीदाबाद क्राइम ब्रांच की टीम पर हमला करने के मामले में गुरुवार को पुलिस ने 15 आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने नूंह एसपी से बात करके इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने गुरुवार को बताया कि ट्रैक्टर चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था, जिसने बताया कि उसने चोरी का ट्रैक्टर में मेवात के रहने वाले अजहरुद्दीन को बेच दिया था। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम अजहरुद्दीन की तलाश में मेवात के गोकुलपुर गांव पहुंची थी, जहां पर आरोपी ने अपने साथियों को बुला कर हमला कर दिया। इस मामले में दो पुलिसकर्मियों को चोट आई है। आरोपियों के खिलाफ मेवात के पुन्हाना थाने में सरकारी कर्मचारी पर हमला करने, हत्या का प्रयास, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, अवैध हथियार अधिनियम, जान से मारने की धमकी आदि धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# सोनीपत के कुंडली में सामूहिक नकल करते मिले विद्यार्थी, अंग्रेजी की परीक्षा रद्द, केंद्र भी शिफ्ट किया



**सोनीपत।** हरियाणा बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए कड़े प्रबंध किए गए हैं, इसके बावजूद परीक्षार्थी नकल करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। 12वीं कक्षा के अंग्रेजी विषय के पेपर में कुंडली के परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी सामूहिक रूप से नकल कर रहे थे। बोर्ड मुख्यालय पर बनाए गए कंट्रोल रूम से अधिकारियों को मामला संज्ञान में आया है।

**15 को हुई परीक्षा को किया रद्द**

बृहस्पतिवार को बोर्ड चेयरमैन के उड़नदस्ते ने कुंडली परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी, जिसके आधार पर बोर्ड ने कुंडली-एक (बी-एक) और कुंडली-दो (बी-दो) पर 15 मार्च को हुई परीक्षा को रद्द कर दिया है। परीक्षा केंद्रों पर कार्यरत पर्यवेक्षक राजेश और ममता को भी हटा दिया है। बुधवार को 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई थी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुंडली में परीक्षा केंद्र बनाया हुआ है। इस परीक्षा केंद्र पर बाहरी हस्तक्षेप भी अधिक था। परीक्षा केंद्र के अंदर भी परीक्षार्थी सामूहिक बैठकर नकल कर रहे थे। हरियाणा बोर्ड ने मानिटरिंग के लिए परीक्षा केंद्र के अंदर भी सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हुए हैं। इसका कंट्रोल रूम बोर्ड मुख्यालय में भी बनाया हुआ है।

**परीक्षा केंद्र भी शिफ्ट किया गया**

कैमरों के माध्यम से परीक्षा केंद्र के अंदर की व्यवस्था देखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बोर्ड अधिकारियों के संज्ञान में आया कि कुंडली परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों द्वारा समूह में बैठ नकल करके परीक्षा की पवित्रता को भंग किया है। इसकी जांच करने के लिए बृहस्पतिवार को बोर्ड चेयरमैन उड़नदस्ते टीम परीक्षा केंद्र पर पहुंची। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की। इसके बाद बोर्ड ने दोनों परीक्षा केंद्रों को आगामी परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय शिफ्ट कर दिया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड चेयरमैन वीपी यादव ने कहा कि कुंडली परीक्षा केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों में परीक्षार्थी सामूहिक रूप से नकल करते दिखे थे। बृहस्पतिवार को जांच करने के लिए टीम परीक्षा केंद्र पर पहुंची थी।

टीम ने 15 मार्च को हुई परीक्षा के दौरान की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी। परीक्षा की पवित्रता भंग होने पर इस केंद्र पर हुई अंग्रेजी विषय की परीक्षा को रद कर दिया है। दो पर्यवेक्षकों को कार्यभार मुक्त करने के साथ सेंटर को जिला मुख्यालय शिफ्ट कर दिया है।

### ठगों द्वारा भेजे लिंक पर क्लिक करते खाते से रकम गायब

**कैथल।** बीमे की पेमेंट करने के बहाने लिंक भेज कर खाते से ठगों ने 98 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के बावजूद लोग ठगों के झांसे में आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कलायत में सामने आया है। कलायत निवासी राहुल पुत्र राज्यपाल ने बताया कि उसके पास फोन पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने पहले उसका नाम पूछा। जब उसने नाम बता दिया तो उसने उसकी माता अंगूरी के बारे में पूछा। कॉल करने वालों ने कहा कि उसका यह नंबर उसके पिता राजपाल ने उन्हें दिया है। वह एलआईसी इंश्योरेंस से बोल रहा है।

# सोनीपत : खरखौदा में 101 किलो से ज्यादा गांजा बरामद, दो आरोपी हुए गिरफ्तार



**सोनीपत।** खरखौदा में नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में पुलिस ने गुरुवार को एक कार चालक के कब्जे से 101 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है।

सोनीपत सीआईए-2 की टीम को सूचना मिली थी कि नूरन खेड़ा निवासी दो युवक गांजा की खेप लेकर केएमपी के रास्ते से खरखौदा आ रहे हैं। पुलिस टीम ने केएमपी के रास्ते पर नजर रखनी शुरू कर दी। संदिग्ध युवक कार लेकर पहुंचे तो उसे पुलिस ने रूकवा लिया और जांच की तो दो युवक हरिओम व सुरेंद्र गाड़ी में बैठे थे। टीम ने ट्यूडी मजिस्ट्रेट बिजली निगम के एसडीओ नीरज की मौजूदगी में कार की तलासी ली तो गाड़ी के अंदर 71 पैकेट मिले। जिनमें से 101 किलो 800 ग्राम गांजा की खेप बरामद हुई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस टीम ने खरखौदा पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस जांच कर रही है कि यह खेप कहां से आई थी और कहां पर जानी थी।

इससे इस मामले में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इससे पहले उड़ीसा व छत्तीसगढ़ से भी अवैध रूप से गांजा की तस्करी के मामले सामने आ चुके हैं। पिछले वर्ष पुलिस ने बलेरो गाड़ी में तस्करी करने वाले युवकों से 137 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। बोलरों गाड़ी में 67 पैकेटों में यह गांजा रखा हुआ था, केएमपी टोल प्लाजा पिपली के पास से खरखौदा के दो युवक को गिरफ्तार किया था। पिछली बार भी दो आरोपी को पकड़ा था।

# हिसार : आम जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ाती नाकाबंदी व पुलिस की मौजूदगी : श्रीकांत जाधव



*हांसी पुलिस जिला में चैकिंग के दौरान 151 वाहनों के चालान किये गए। इनमें बिना हेलमेट के 21 चालान, बिना नंबर प्लेट के चार चालान, बिना ड्राइविंग लाइसेंस आठ, बिना रजिस्ट्रेशन कॉपी के एक बिना कागज इम्पाउंड छह, काले सीसे वाले एक वाहन, बिना सीट बेल्ट आठ, नो पार्किंग 21, नीली लाल बती एक व अन्य ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले 57 वाहनों व अन्य 25 वाहनों के चालान किये गए।*

**हिसार।** हिसार रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने बताया कि आमजन के बीच में पुलिस की मौजूदगी व नाकाबंदी आमजन में सुरक्षा की भावना को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि आम जनता पुलिस को सड़कों पर देखकर खुद को सुरक्षित महसूस करती है। वे गुरुवार को हांसी पुलिस जिला में चलाए गए सीलिंग प्लान के तहत पुलिस कर्मियों व आम नागरिकों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने खुद पूरे जिले में लगे नाकों का निरीक्षण किया व ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। हांसी की पुलिस अधीक्षक हांसी नितिका गहलोत भी मौके पर मौजूद रही। सीलिंग प्लान के तहत एडीजीपी श्रीकांत जाधव व पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत ने खुद जिले के नाकों पर जाकर चेकिंग की और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। एडीजीपी ने सीलिंग प्लान से नागरिकों को संदेश दे रहे हैं कि हम नागरिकों के लिए ही खड़े हैं। यही नहीं, सीलिंग प्लान से क्राइम व क्रिमिनल को चेक करने का बहुत ही प्रभावी तरीका है।

हांसी पुलिस जिला में चैकिंग के दौरान 151 वाहनों के चालान किये गए। इनमें बिना हेलमेट के 21 चालान, बिना नंबर प्लेट के चार चालान, बिना ड्राइविंग लाइसेंस आठ, बिना रजिस्ट्रेशन कॉपी के एक बिना कागज इम्पाउंड छह, काले सीसे वाले एक वाहन, बिना सीट बेल्ट आठ, नो पार्किंग 21, नीली लाल बती एक व अन्य ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले 57 वाहनों व अन्य 25 वाहनों के चालान किये गए। इसके अलावा पटाखे बजाने वाले बुलेट मोटरसाइकिल को इम्पाउंड करके उसका 32 हजार रुपये का चालान किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि पूरे जिला भर में 32 नाके छह पीसीआर, 34 राइडर 20 मोबाइल पार्टी व 10 ईआरवी लगाकर पूरे जिले को सीलिंग प्लान के तहत सील किया गया हैं। उन्होंने बताया कि हांसी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से हांसी में आमजन में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता देखने को मिली है।

### लकड़ी काटने से रोका तो वन कर्मचारी पर हमला

**कैथल।** जंगलात में आरी लेकर घुसे एक व्यक्ति को पेड़ काटने से रोकने पर उसने साथियों के साथ मिलकर वन कर्मचारी पर हमला कर दिया। हमले में वन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार को उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव रामगढ़ रोड़ निवासी विजयपाल पुत्र भगवान दास ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह और उसकी पत्नी गंगा देवी ग्रुप डी कर्मचारी हैं और उनकी सीवन के जंगलों में ड्यूटी है। वह प्रतिदिन की भांति जंगलात में गश्त करते हुए खेड़ी गुलाम अली की तरफ जा रहा था। उसने देखा कि खेड़ी गुलाम अली का रहने वाला पुनी पुत्र अमरनाथ आरी लेकर जंगल में घूम रहा था। उसने उसे आरी लेकर जंगल में घूमने के बारे में पूछताछ की।

# हरियाणा में 20 लाख तक टर्नओवर वाले व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लिए सीए प्रमाण पत्र मुफ्त



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए ऐलान किया है कि जिन व्यापारियों का टर्नओवर 20 लाख रुपये सालाना है, उन्हें जीएसटी पंजीकरण के लिए अब सीए प्रमाणपत्र राज्य सरकार के एंपेनल्ड चार्टर्ड अकाउंटेंट से निःशुल्क प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा गुरुवार को हरियाणा निवास में आयोजित व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना का शुभारंभ करने के बाद की। इस अवसर पर हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बाल किशन व सदस्य तथा प्रदेशभर से आए व्यापारी भी उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि छोटे व्यापारियों को अपना पंजीकरण कराने के लिए सीए प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है और इसे प्राप्त करने के लिए उन्हें कुछ राशि का भुगतान करना पड़ता है। अब इस घोषणा के बाद छोटे व्यापारी, जिनका टर्नओवर 20 लाख रुपये तक है, वह सरकार के एंपेनल्ड चार्टर्ड अकाउंटेंट से सीए प्रमाणपत्र ले सकेंगे। इस खर्च का भुगतान राज्य सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रदेश में व्यापारियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब इस योजना में छोटे व्यापारियों, जिनका वार्षिक कारोबार 1.50 करोड़ रुपये तक है, को भी शामिल किया गया है। यह योजना एक अप्रैल से शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आग लगने, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा आदि के कारण माल के नुकसान के लिए लाभार्थी की श्रेणी के अनुसार मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत उन व्यापारियों को लाभ दिया जाएगा, जो 31 मार्च या पंजीकरण की तिथि को या बाद की तिथि को राज्य या केंद्रीय क्षेत्राधिकार में जीएसटी अधिनियम, 2017 के तहत पंजीकृत पात्र करदाता हैं। ऐसे करदाता योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिएं। उनके पंजीकरण शुल्क का भुगतान हितधारक अर्थात हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड द्वारा हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास को किया गया होना चाहिए। इस योजना के तहत डेढ़ करोड़ रुपये तक के कारोबार पर 20 लाख रुपये तक मुआवजा राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति व्यक्ति जीएसटी संग्रह के मामले में 68142 करोड़ की कलेक्शन के साथ हरियाणा बड़े राज्यों में शीर्ष स्थान पर है। कार्यक्रम में हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बाल किशन ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि व्यापारी हितैषी और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के कारण ही दिल्ली के व्यापारी भी अपना कारोबार हरियाणा में स्थानांतरित करने को तैयार हैं।

# बिजली कर्मियों की 72 घंटे की हड़ताल का असर दिखना शुरू

## आम जनजीवन बेहाल व्यापरियों का भी धंधा दिख रहा मंदा

**अयोध्या।** बिजली कर्मियों की 72 घंटे की हड़ताल का असर दिखना शुरू हो गया है। जनपद में शहर से लेकर गांव तक हाहाकार मचा हुआ है। आधे शहर में पिछले 10 घंटे से बत्ती गुल है। ग्रामीण इलाकों का भी यही हाल है। तकरीबन 32 से अधिक गांवो के हजारों घर अंधेरे में डूबे हुए हैं। फाल्ट बनाने वाला कोई नहीं है। आम जनजीवन बेहाल है। व्यापरियों का भी धंधा मंदा दिख रहा है। शहर के नाका, कौशलपुरी, चौक फीडर से जुड़े घरों में घंटों से लाइट कटी हुई है। पूरा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के दर्जनों गांव 35 घंटों से अंधेरे में हैं। बुधवार की दोपहर से विद्युत आपूर्ति ठप है। रात में मच्छरों के प्रकोप ने उपभोक्ताओं को सोने नहीं दिया।

राजेपुर के शारदा यादव, जलालुद्दीन नगर के रणधीर सिंह डब्लू, जय प्रकाश सिंह, पूरा बाजार के प्रमोद सोनी, रामचरित्र गुप्ता, मडना के ओमप्रकाश यादव, अभिषेक सिंह, ताहिरपुर के अर्जुन तिवारी बताते हैं कि रात भर बिजली का इंतजार करते रहे। विद्युत कर्मचारियों को फोन करते रहे, लेकिन ज्यादातर कर्मचारियों का फोन बंद था। उपकेंद्र पूरा बाजार का कार्यभार संभालने वाले संग्रह अमीन अजीत मौर्या कहते हैं कि हम लोगों को बिजली विभाग की कोई जानकारी नहीं है। देखरेख के अलावा हम कुछ कर नहीं सकते।

विद्युत उप केंद्र रसूलाबाद के अंतर्गत आने वाले गांव में गुरुवार की रात से लेकर सुबह तक विद्युत आपूर्ति जारी थी, लेकिन सुबह 8 बजकर 22 मिनट पर विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। रसूलाबाद उपकेंद्र पर भी संग्रह अमीन ड्यूटी दे रहे हैं। गोसाईगंज कस्बा सहित आस पास के सैकड़ो गांव व बाजार अंधेरे में डूब गए। लोगो के मोबाइल बन्द हो गए। कस्बे में जलापूर्ति ठप हो गयी। चूंकि अमूमन अधिकांश कार्य बिजली से ही संचालित होता है। विद्युत आपूर्ति ठप होने से बिजली उपकरणों व कारीगरों पर काफी प्रभाव पड़ा है, उनकी दूकानदारी पूरी तरह से चौपट हो गयी। विद्युत विभाग में फोन करने पर कोई अधिकारी या कर्मचारी फोन उठाने को तैयार नही है। यहाँ तक कि मनमानी का यह आलम है कि विभाग के लगभग सभी सीयूजी नंबर बंद बता रहे हैं।

# नवागत एसपी ने सुदृढ़ व निष्पक्ष कानून व्यवस्था का आश्वासन दिया



**बिजनौर।** दैनिक डिजिटल एवं न्यूज चैनल के जिला प्रभारी संजय जैन के नेतृत्व में ग्रुप के संवाददाताओं की टीम ने नवागत एसपी नीरज जादौन से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें प्रतिमा भेंट की और उनका स्वागत किया। कानून व्यवस्था के संबंध में वार्ता करने पर उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि जनपद में सुधार के निष्पक्ष कानून व्यवस्था का राज कायम हो। जनपद में किसी के भी साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा, किसी के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और किसी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनका प्रयास होगा कि जनपद वासी बिना किसी भय के जनपद में 24 घंटे विचरण कर सकें, बहन बेटियां अकेली किसी भी समय कहीं पर भी आ जा सके, उनके मन में किसी भी प्रकार का डर ना हो यही उनकी प्राथमिकता है। नवागत पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने कहा कि शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और शांतिप्रिय लोगों को किस तरह से परेशान नहीं किया जाएगा। शिष्टाचार भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में संजय जैन के साथ साहिल मेहरा, सुधीर चौधरी, इकबाल कुरैशी,आदिल अमीन, रवि प्रजापति व शैलेंद्र शर्मा शामिल रहे।

# थाना अध्यक्ष उदय प्रताप मलिक ने पैदल गस्त कर लोगो को दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**झालू ।** पुलिस अधीक्षक बिजनौर नीरज कुमार जादौन के निर्देशन पर नगर के मुख्य बाजार मे थाना अध्यक्ष हल्दौर उदय प्रताप मलिक ने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गस्त कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ नगर में पैदल मार्च किया। इस दौरान भीड़-भाड़ वाले जगहों पर बेतरतीब खड़ी वाहनों के स्वामियों को शख्त हिदायत दी। थाने क्षेत्र के पुलिस जवानों ने थाना प्रभारी उदय प्रताप मलिक की अगुवाई में बाजार कस्बे के मुख्य चौराहा पर पैदल गश्त की। पैदल गश्त के दौरान दुकानदारों, व्यापारी व क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस दौरान व्यापारियों की जुबान पर एक शब्द था कि ऐसा थानाध्यक्ष हमें नहीं मिलेगा जो एक दिन झालू कस्बे में तथा दूसरे दिन हल्दौर कस्बे में अपने स्टाफ के साथ पैदल मार्च करते हैं इस दौरान थानाध्यक्ष के साथ पुलिस के जवान भी मौजूद रहे।

## शरारती तत्व परेशान, थाना क्षेत्र छोड़ने को मजबूर

**झालू :** थाना अध्यक्ष उदय प्रताप मलिक और पुलिस चौकी प्रभारी सुमित राठी के फ्लैग मार्च और कस्बे में शरारती तत्वो पर रखे नजर के चलते शरारती तत्व परेशान है उन्हें थाना क्षेत्र छोड़कर जाने को मजबूर होना पड़ा यह शब्द नगर के वरिष्ठ व्यापारी नेता सुरेश वर्मा ने कहे उनका कहना था जब से थानाध्यक्ष हल्दौर उदय प्रताप मलिक ने कमान संभाली है तबसे दलाल परेशान है थानाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से क्या रखा है कि पीड़ित को परेशान होने की आवश्यकता नहीं निसंकोच मेरे मोबाइल नंबर पर,तथा थाने में आकर भी अपनी बात कह सकता है उसे किसी भी दलाल को साथ लाने की आवश्यकता नहीं है उसकी समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा अपने स्तर से अन्यथा अधिकारीयो के सहयोग से भी पीड़ित की मदद की जाएगी

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्वच्छता समिति की बैठक

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में आहूत जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस अवसर पर सर्वप्रथम विगत बैठक कार्यवृत्त प्रस्तुत की गई। तदोपरांत व्यक्तिगत शौचालय के लक्ष्य 18210 के सापेक्ष प्रथम एवं द्वितीय किस्त के भुगतान, सामुदायिक शौचालय के रखरखाव एवं एसएचजी के भुगतान के प्रगति, ओडीएफ प्लस के अंतर्गत चयनित 39 ग्रामों की प्रगति आदि की समीक्षा की गई तथा एसएसजी-2023 के अंतर्गत मॉडल हेतु चयनित 15 ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना एवं धन आवंटन हेतु समिति से प्रस्तुति प्राप्त की गयी। इस अवसर पर समिति द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक कार्य योजना के प्लान पर भी चर्चा हुई तथा अगली बैठक में समिति के समक्ष योजना प्रस्तुत करने हेतु डीपीआरओ को निर्देशित किया गया। बैठक में समिति द्वारा गोवर्धन योजना के अंतर्गत बनाए गए गोबर गैस संयंत्र को बेहतर ढंग से संचालन सुनिश्चित कराने हेतु स्वयं सहायता समूह से योजनाबद्ध तरीके से संचालित कराने के लिए निर्देशित किया गया। इसी के साथ ही इन संयंत्रों को प्रधान द्वारा भी देखरेख करने हेतु कहा गया। इस अवसर पर गोवर्धन योजना के अंतर्गत नवीन संयंत्र स्थापित किए जाने हेतु गौशाला के चयन पर भी विचार किया गया।



इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प इत्यादि अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर समिति के सदस्यों द्वारा चर्चा एवं संस्तुति प्रदान की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा के साथ ही जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में नाली से अनाच्छादित मजरों/आबादी का सर्वे कर सभी को योजनाबद्ध तरीके से नाली से आच्छादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ सफाई एवम् स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उपरोक्त बैठक में अनिता यादव मुख्य विकास अधिकारी, आर एस चौधरी उपनिदेशक पंचायत, दमनप्रीत कौर, बीएसए, डीएसओ, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य बीकापुर एवं सम्मानित ग्राम प्रधान सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी ने किए कई ऐतिहासिक कार्य : केशव प्रसाद मौर्य



**अयोध्या।** आप सभी ने 2014 से 2019 में भाजपा को अपना जनादेश दिया था, जिसके कारण हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किया। जिसमें जम्मू कश्मीर से धारा 370 को निरस्त करना, भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण प्रमुख रूप से शामिल है। उक्त सम्बोधन प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जनपद के विकासखण्ड सोहावल के ग्राम पंचायत गोड़वा में आयोजित ग्राम चौपाल में कहीं। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का फीडबैक जनता से लिया तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में आम जनमानस को जानकारी दी। उन्होंने पंचायत के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना तथा अन्य योजनाओं के पत्र वितरित किये। चौपाल के दौरान क्षेत्रीय विधायक डा. अमित सिंह चौहान, रूदौली विधायक रामचन्द्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह सहित मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, परियोजना निदेशक आरपी सिंह, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री ने अयोध्या धाम स्थित लता मंगेशकर चौक के निकट जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ चाय पी तथा स्थानीय विषयों पर चर्चा की तथा अयोध्या के विभिन्न मंदिरों का दर्शन पूजन किया।

# जायद की खेती पर 90% सब्सिडी देगी सरकार: शाही

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** धर्मनगरी अयोध्या आचार्य नरेंद्र देव की कर्मस्थली रही है। देश के अंदर किसान की समस्या मोदी और योगी के लिए प्रमुख एजेंडा रहा है। यह धरती मां के समान है और इस पर फसलों की पैदावार अच्छी हो इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। सरकार की ओर से बीज एवं फसलों पर सब्सिडी दिया जा रहा है, उसका सभी किसानों को लाभ उठाना चाहिए। उत्तर प्रदेश के अंदर 3 करोड़ 80 लाख किसानों को सरकार ने डिजिटल हेल्थ कार्ड दिया है। पूर्व की सरकार किसानों को कागज पर हेल्थ कार्ड बनाकर दी है, लेकिन योगी सरकार ने इसे बदलकर डिजिटल कर दिया।

उत्तर प्रदेश के अंदर जो अर्थव्यस्था सुधरी है, वो किसानों की देन है। जायद की फसल मक्का, ज्वार, बाजरा की दो हेक्टेयर तक खेती करने वाले किसानों को 90 प्रतिशत सब्सिडी उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या के किसानों को देगी। यह बातें कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय किसान मेले एवं उद्योग प्रदर्शनी के दौरान कही।



शाही ने कहा कि जायद के समय में किसानों के खेत खाली रहते हैं। किसानों को जायद की फसलों को लगाने के लिए सरकार अब सब्सिडी देगी। कृषि विश्वविद्यालय एवं सभी कृषि विज्ञान केंद्र जायद के समय में ज्वार, बाजरा एवं मक्का के फसल को लगाएं। विदेशों से आयात तेल का लोग सेवन कर रहे हैं, जो हमारे देश एवं किसानों के लिए चुनौती बनकर खड़ा है। तेल के लिए हम सभी किसानों को 17 लाख मीट्रीक टन सरसो की खेती करनी होगी। उन्होंने 25 जिलों के किसानों को मेले में बुलाने का विश्वविद्यालय का प्रयासों की जमकर सराहना की। कृषि मंत्री शाही ने कहा कि किसान मोटे अनाज को अपनाएं, जो स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली में मिलेट्स-2023 ह्लश्री अन्नह्ल का शुभारंभ करने जा रहे हैं, जो देश एवं प्रदेश के किसानों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर गन्ना का रिकार्ड उत्पादन हुआ है। उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने खेतों में समय-समय पर जरूर जाएं और फसलों की समय से बोआई करें और उसे काटने का काम करें। इस दौरान पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रकाशित की गई पत्रिका की भी जमकर सराहना की और कहा कि इसका लाभ किसानों को लेना चाहिए।

किसान मेले की अध्यक्षता कर रहे कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि कृषि विवि शुगरफ्री धान के अनुसंधान पर काम करेगा। उन्होंने कहा कि विवि धान की कई प्रजातियां विकसित कर चुकी है, जो पूरे भारत में प्रचलित है। आने वाले समय में यह कृषि विश्वविद्यालय इन्वेस्टर्स का रास्ता खोलेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय को शोध एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार मिल चुके हैं। उन्होंने कहा की दिल्ली के पूसा के साथ मिलकर काला चावल पर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों से जुड़ी छात्रवृत्ति की समस्या का समाधान कृषि मंत्री शाही ने कर दिया है। उन्होंने कहा कि टीशू कल्चर को विकसित करने के लिए कृषि मंत्री ने 10 करोड़ का बजट दिया है और आगे विवि फूड एंड न्यूट्रीशियन का नया कोर्स शुरू होगा। भारतीय धान अनुसंधान केंद्र हैदराबाद के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. आर एम सुंदरम ने कहा कि उप्र में चावल की अधिक पैदावार हो रही है। उन्होंने कहा की मधुमेह के मरीजों के लिए अब कोई परेशानी नहीं होगी और वे भी चावल का सेवन कर सकेंगे। इसके लिए उनके संस्थान ने उन्नत सांभा मंसूरी चावल का अनुसंधान किया है। उन्होंने कहा कि वे इसका सीड कृषि विश्वविद्यालय को भी देंगे और साथ ही विश्वविद्यालय के साथ मिलकर अन्य बीजों के अनुसंधान पर काम करेंगे।

भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान बेगलौर के डायरेक्टर संजय सिंह ने कहा कि पूर्वांचल में सब्जियों की खेती में तेजी के साथ बदलाव आया है। कुछ जिलों में बड़ी-बड़ी मंडियां सब्जियों की खरीदारी के लिए आ रहीं हैं। उन्होंने कहा कि सभी कृषि विज्ञान केंद्रों और विश्वविद्यालय को मिलकर सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने का काम करना चाहिए। मेले के उद्घाटन से पूर्व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह, मेले के मुख्य आयोजक निदेशक प्रसार प्रो. एपी राव, डा संजय सिंह, डा. आर.एम सुंदरम, डा.एस.बी सिंह व डा. जेके तोमर ने जल भरो कार्यक्रम कर मेले का उद्घाटन किया। छात्राओं ने स्वागतम गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। किसान मेले का संचालन मौसम विभाग के वैज्ञानिक डा. सीताराम मिश्रा ने किया।

# राम नगरी की गरिमा के अनुरूप हो रहा रेलवे स्टेशन का निर्माण

## पूरे विश्व के श्रद्धालुओं व पर्यटकों को आकर्षित करेगा भव्य रेलवे स्टेशन

**अयोध्या।** 2014 मोदी सरकार बनने के साथ 2017 में योगी सरकार आने के बाद अयोध्या विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुई है। सरकार विकास कार्यों के साथ-साथ अयोध्या रेलवे स्टेशन को भव्य और दिव्य रूप देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। जहां एक और सरकार भव्य राम मंदिर के निर्माण में तेजी से जुटी हुई है, तो वही आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके, इसके लिए भव्य रेलवे स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। जहां पर यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुख सुविधाएं मिलेंगी। जो कि आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा।आध्यात्म की नगरी अयोध्या में जैसे-जैसे रामलला के विराजमान होने की घड़ी निकट आ रही है, वैसे-वैसे विकास की योजनाएं, मंदिर निर्माण भी गति और श्रद्धालुओं-पर्यटकों की सुविधाओं के लिए शुरू की गईं योजनाएं धरातल पर पूरी होती दिखाई दे रही हैं। रामनगरी में विकास की प्रमुख योजनाओं में से एक ही अयोध्या धाम का रेलवे स्टेशन है। इसे प्रभु श्रीराम के मंदिर का आकार का ही स्वरूप दिया जा रहा है। इतना ही नहीं भारत का यह पहला रेलवे स्टेशन होगा। रेलवे स्टेशन का निर्माण प्रथम फेज का पूरा हो चुका है। अयोध्या में बन रहे अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का प्रथम पेज का निर्माण पूरा हो चुका है। दूसरे फेज का कार्य प्रारंभ है। यानि जब भगवान राम अपने गर्भ गृह में विराजमान होंगे, उससे पहले ही श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की सौगात मिल चुकी होगी।

### अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन में जाने के लिए 12 प्रवेश द्वार

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य में लगने वाले पत्थर भी बंसी पहाड़पुर से ही लाए जा रहे हैं। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि अयोध्या की गरिमा के अनुरूप अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को विकसित किया जा रहा है। इतना ही नहीं अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन में जाने के लिए 12 प्रवेश द्वार भी बनाए जाएंगे, जिसमें कई द्वार मूर्त रूप भी ले चुके हैं।



यही नहीं विश्वस्तरीय यात्री सुविधा केंद्र भी बनाया जाएगा, जिसमें रुकने से लेकर यात्रियों तक के भोजन तक की व्यवस्था मिलेगी। रेलवे में यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने वाली कार्यदाई संस्था राइट्स के उपनिदेशक अनिल कुमार जौहरी की मानें तो देश का अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहला स्टेशन होगा, जहां सबसे लंबे 9000 स्क्वायर मीटर में एयर कॉनकोर्स बनाया जाएगा।अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को इस लिहाज से बनाया जा रहा है कि पर्यटक या श्रद्धालु अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, तो उनको इस बात का आभास हो कि वह धर्म नगरी अयोध्या में है।

### 2024 में होगा स्टेशन का उद्घाटन

उपनिदेशक अनिल कुमार जौहरी ने बताया कि जनवरी में अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन हो जाएगा। यानि जब भगवान राम अपने गर्भ गृह में विराजमान होंगे, तो उसी समय राम मंदिर समेत अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन शुभारंभ हो जाएगा। श्रद्धालु इसका पूर्ण रूप से उपयोग कर सकेंगे। अब यह रेलवे के ऊपर निर्भर करता है, वह 12 गेटों का इस्तेमाल करेगा या फिर अनिल जौहरी की मानें तो एयर कॉनकोर्स इंडिया में सबसे बड़ा अयोध्या धाम में होगा, जो 9000 स्क्वायर मीटर का एरिया में होगा।

# भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी के कार्यकताओं ने सकुशल दो गाय को पुलिस की मदद से गौशाला भिजवाया

**सर्वहित भारत**
**संवाददाता श्याम सुन्दर**





अपने गुप्त सूत्रों के द्वारा भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी संगठन के कार्यकताओं को सूचना मिली के एक छोटा हाथी जिसमें दो गाय सवार है उनको लेकर आ रहा है जोकि गोकशी के लिए ले जाई जा रही थी जैसे ही इसकी सूचना भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी के कार्यकताओं को मिली तो सभी कार्यकताओं ने खड़े होकर ड्राइवर को रोकने की बहुत कोशिश की लेकिन ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया कड़ी मेहनत करने के बाद पुलिस की मदद से आखिरकार ड्राइवर को रोक लिया गया और छोटे हाथी गाड़ी में सवार दो गौ माता को सकुशल गौशाला के लिए भिजवा दिया गया जिसमें भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी के कार्यकताओं के द्वारा पुलिस को तहरीर देकर बताया गया कि इस मामले में उचित कार्रवाई करने की कृपा करें भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी के कार्यकताओं और पुलिस की मदद से 2 गोवंश की जान बचा कर गौशाला के लिए भिजवा दिया गया है भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी के कार्यकताओं ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया उपस्थित रहे हरिद्वार जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा मंगलौर नगर अध्यक्ष बाबू राम प्रजापति महेश चंद्र जय चंद शर्मा कुड़ी अमित कुमार ओम प्रकाश राहुल डॉक्टर सुभाष यशपाल आर्य सतीश आदि कार्यकर्ता भारतीय हिंदू रक्षा वाहिनी के उपस्थित रहे



# जिला सहसंयोजिका शबनम जहां का फूल मालाओं से जबरदस्त भव्य स्वागत

**(संवादाता नफीस खान)/ सर्वहित भारत**

**(हरिद्वार)**उपधर्मनगरी ज्वालापुर में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच संगठन की महिला कार्यकताओं द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें महिलाओं ने जिला सहसंयोजिका शबनम जहां का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया है। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंची मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की जिला सहसंयोजिका शबनम जहां ने ज्वालापुर मंडी का कुआं स्थित रोशन अली पीर बाबा की दरगाह पर चादर फुल पेश किए। और फिर वहां से ढोल नगाड़ों के साथ महिलाएं सरमालु शाह पीर बाबा की दरगाह पर भी पहुंची है वहां भी उन्होंने चादर फुल पेश कर देश में अमन चैन और सौहार्द की दुआएं मांगी है। चादर पोशी के बाद मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की महिलाओं ने मैदानियान मोहल्ले में रैली का आयोजन भी किया है। जिसमें मुस्लिम राष्ट्रीय मंच संगठन के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार जिंदाबाद के जबर्दस्त नारे भी लगाएं गएं हैं। वही कार्यक्रम में पहुंची जिला सहसंयोजिका शबनम जहां ने उपस्थित महिलाओं का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह आज मेरी माताओं और मेरी बहनों ने भव्य सम्मान किया है इसकी मैं बहुत आभारी हूं। और जिस उम्मीद और विश्वास के साथ महिलाएं मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है मैं भी उनके सम्मान के लिए दिन-रात तत्पर रहूंगी। उन्होंने कहां कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच संगठन साधारण संगठन नहीं है। यह संगठन एक नई रहा है। जिसमें तालीम, तरक्की और तहजीब पर बल दिया गया है। जिससे अंधकार से निकलकर उजाले की रोशनी में जाया जा सकें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जात पात से ऊपर उठकर राष्ट्र की बात करता है, राष्ट्र की तरक्की की बात करता है, देश में अमन चैन व सौहार्द की बात करता है। इंसानियत को मोहब्बत का पैगाम देता है। उन्होंने महिलाओं से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच संगठन से ज्यादा से ज्यादा जुड़ने की अपील भी की है। शबनम जहां ने उन्हें जिला सह संयोजिका पद पर नवाजे जाने पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुख्य राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल, राष्ट्रीय संयोजक इस्लाम अब्बास, क्षेत्रीय संयोजक व उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के सदस्य डॉक्टर नूरी, प्रांत संयोजक मोहम्मद मुस्तकीम, प्रांत संयोजक अजमत अली और प्रांत संयोजक नौशाद अली का भी आभार प्रकट किया है। और उनके विश्वास पर खरा उतर कर दिन-रात कर्मठ से कार्य कर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की रिती नीतियों को घर घर तक पहुंचाने की बात भी कही है। वही शील इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर विभास सिन्हा भी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यक्रम में पहुंचे है। जहां उन्होंने महिलाओं में आत्मविश्वास को मजबूत बनाने पर बल दिया है और जिला सहसंयोजिका शबनम जहां को बधाई व शुभकामनाएं भी दी हैं। वही मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की सदस्य सलमा बेगम, शबाना प्रवीन और रुकसार ने भी संगठन की रीत नीतियों से उपस्थित महिलाओं को अवगत कराया है। और महिलाओं से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच में अधिक से अधिक जुड़ने की बात भी कही है। इस अवसर पर पीरो मुर्शिद सैयद मतलूब मियां नूरानी सिवारा, जिला बिजनौर, खानगाह नूरानियां, पिरान कलियर शरीफ, सैयद सज्जाद अली दादा मकबरा, अनीशा खातून, अफसरी शाह, शारदा बेगम, अफसाना, शहीदा, नाजिमा, नाजरीन, शहजादी, बानो बेगम, खाला अम्मा संजीदा, शबनम, संजीदा, शबाना पटडी, मीर जहां, ताई बानो, फरमाना, समा, शरीफा, नसरीन, रुबीना, मुस्कान, नीलोफर, दिलरुबा, जहीरा, नसीमा, धोबन बानो, सबीना प्रवीण, शबाना अमजद, निजाम अंसारी, उवैश अंसारी, शहराज शाह, सुभान अंसारी, अजीम अंसारी, मदनी अंसारी, अजहर अंसारी, हमजा अंसारी, दानिश शाह, वसीम अहमद, मोहम्मद इस्लाम, जिला सह संयोजक मोहम्मद आरिफ, दिलावर शाह, आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन

**सर्वहित भारत**
**राजू चौधरी**




**बुलन्दशहर** : में महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित बाल संप्रेक्षण गृह (किशोर) बुलन्दशहर में हुआ प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन बैठक की अध्यक्षता जय प्रकाश यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा की गई तथा बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में अजय कुमार मिश्रा, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड बुलन्दशहर एवं माननीय सोनाली रत्ना ,प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड हापुड़ उपस्थित रहे समिति की बैठक में संस्था के बेहतर संचालन के सम्बन्ध में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किए गए जिसमें मुख्यतः किशोरों के स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन, खेलकूद, पुनर्वासन, सुविधा योगा एवं किशोरों के जीवन कौशल व किशोरों के परिवार मे पुनर्वासन हेतु तथा किशोरों को जमानत पर छोड़े जाने, वाद निस्तारित किए जाने एवं किशोरों के परिजनों से मिलाई तथा विभागीय रिपोटिंग कार्रवाई एवं संस्था में किशोरों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई वर्तमान में संस्था में कुल 62 किशोर आवासित है जिनमें 42 किशोर जनपद बुलंदशहर तथा 20 किशोर जनपद हापुड़ के है किशोरों को व्यवसायिक शिक्षा व कक्षा 10 और 12 एवं अन्य कक्षाओं की परीक्षा संपन्न कराए जाना जैसे विषयों पर रणनीति बनाई गई बैठक का संचालन अशोक कुमार, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी बुलन्दशहर द्वारा किया गया तथा बैठक का आयोजन रमेश कुमार यादव, सहायक अधीक्षक, राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) द्वारा किया गया डॉक्टर ओम प्रकाश, चिकित्सा अधिकारी , डॉ स्वाति यादव, मनोचिकित्सक जिला चिकित्सालय, डॉक्टर भूपेन्द्र सिंह, मनोवैज्ञानिक, एनआरसी डिग्री कॉलेज डॉ वीरेंद्र सिंह, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड बुलन्दशहर, स्वाति गर्ग , राजन त्यागी सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड हापुड़ व अध्यापक गण राजेश कुमार, डॉ नरेश कुमार, महेश चन्द्र तथा परामर्शदाता अनिल कुमार , रविन्द्र कुमार, संजीव कुमार, आदि लोग बैठक में उपस्थित रहे ।

## कार्य बहिष्कार पर पावर कारपोरेशन के कर्मचारी डटे रहे, बिजली विभाग के ऑफिस पर ताला लटका मिला

**सर्वहित भारत**
**राजू चौधरी**



**बुलन्दशहर** : शिकारपुर विधुत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की प्रदेश व्यापी आह्वान पर मांगों को लेकर कॉरपोरेशन के कर्मचारी 72 धन्टे की कार्य बहिष्कार पर है उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा 12 सूत्रीय मांगें लम्बित है अभी तक मांगें मांगीं नहीं गई है पावर कारपोरेशन के कर्मचारी अफसर कार्य बहिष्कार पर चले गए उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उपभोक्ता बिजली घर पर बिजली का बिल या कुछ समस्या लेकर पहुंचते है तो बिजली घर पर कोई भी कर्मचारी या अधिकारी ना मिलने पर उपभोक्ता निराश हो कर वापस चलें जाते जब कि हड़ताल को लेकर सभी पावर स्टेशनों पर अधिकारियों की नजर बनी हुई है शिकारपुर एसडीएम अरविंद कुमार सिंह, तहसीलदार चन्दप्रकाश पांडे, ने बताया कि हड़ताल से शिकारपुर क्षेत्र में कोई प्रभाव नहीं पडा है ।

# विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने लगाया गुलावठी में जनता दरबार

**सर्वहित भारत**
**राजू चौधरी**



**बुलंदशहर**/गुलावठी नगर स्थित मोहल्ला रामनगर में क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने जनता दरबार लगाकर सभी नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिसमें विद्युत विभाग,विधवा पेंशन,वृद्धा पेंशन,आवास योजना नगर पालिका सफाई संबंधित समस्याओं को लेकर विधायक जी ने पूर्ण आश्वासन देकर समस्या का अति शीघ्र निस्तारण किया। नगर में विद्युत विभाग संबंधित बिजली के खंभों पोलो तारों की समस्याओं को लेकर एस.डी.ओ,जे.ई को अवगत कराया शीघ्र निस्तारण करने के लिए कहा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया ने कहा आमजन का आभार व्यक्त करते हुए निरंतर शिकायतों के निवारण हेतु विधायक जी का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया,वरिष्ठ भाजपा नेता त्रिलोक चंद शर्मा,महेश वर्मा, अनुराग तोमर,उमा चौधरी, अरुणा शर्मा, संजीव गोयल,प्रिंस तेवतिया,अमरीश गोयल, टीनू बोथ,अरुण तेवतिया,गगन प्रजापति,मोहित जैन, गौरव तेवतिया, हिमांशु गोयल,मोहम्मद नासिर,इकरार मेवाती, सुभाष राजू, मोहित, हरिओम शर्मा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, मेरठ की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा विशेष सात दिवसीय शिविर के छठे दिन का शुभारंभ किया गया।

**सर्वहित भारत**




दिनांक 17 मार्च 2023 को रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, मेरठ की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा विशेष सात दिवसीय शिविर के छठे दिन का शुभारंभ किया गया। शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम श्रीमती मनीषा सिंघल व कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय श्रीमती प्रीति द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य वक्ता डॉ हरजिंदर सिंह एसोसिएट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान विभाग, मेरठ कॉलेज मेरठ द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया ।प्रार्थना समिति की छात्राओं ने सरस्वती वंदना कराई। शिविर के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ हरजिंदर सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय में छात्राओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की और छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि छात्र जीवन में समय प्रबंधन का मुख्य महत्व होता है इसलिए छात्रों को प्रारंभ से ही समय प्रबंधन का ध्यान रखना चाहिए। शिविर के दूसरे सत्र में स्वयंसेविकाओ ने पुरानी और बेकार वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाई जिसमें कशिश अंशिका मनीषा आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।इसके पश्चात एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान टीम डी, द्वितीय स्थान टीम बी व तृतीय स्थान टीम सी व सांत्वना पुरस्कार टीम ए व ई ने प्राप्त किया । जिसमें ज्योति, आंचल ,अनुराधा खुशी सिमरन ,सना काजल आदि छात्राओं ने प्रतिभाग की।

हिंदी दैनिक समाचार पत्र विज्ञापन रेट
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650 स्क्वायर सेंटीमीटर
1650×25=41250
बैक पेज रेट
हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650×15=24750
स्क्वायर सेंटीमीटर बैक पेज रेट
प्रथम पेज का विज्ञापन जस्ट बेक पेज के डबल है
मध्यम पेज का विज्ञापन बैक की पेज के विज्ञापन का आधा है
जानकारी के लिए नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें 9837558066 82797 84237